आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

24 घंटे देखे यश भारत
डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81

## ट्रैक्टर-ट्रेलर में टक्कर 4 श्रद्धालुओं की मौत

**पाली, एजेंसी।** रामदेवरा (जैसलमेर) दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली को ट्रेलर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में 4 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार रात करीब सा? आठ बजे पाली जिले के सुमेरपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज-सिरोही हाईवे (बाईपास) पर हुआ। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर शोक जताया है।

● वर्ष- 16 अंक 197- ● जबलपुर ● शनिवार, 20 अगस्त, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष-9 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

# 320 लाख करोड़ में हुआ बैतूल में रेत का टेंडर !

**भोपाल, यशभारत। बैतूल जिला मुख्यालय द्वारा जिले की 47 रेत खदानों के लिए 10 लाख घन मीटर रेत का टेंडर किया है। जो 320 लाख करोड़ रुपए रुपए में वंशिका कंस्ट्रक्शन को दिया गया है 320 लाख करोड़ रुपए की जो राशि बैतूल जिले की रेत खदानों के लिए टेंडर के माध्यम से निर्धारित हुई है वह भारत सरकार के वर्ष 22- 23 के बजट से आठ गुना से भी ज्यादा है जिस दर पर बैतूल कलेक्टर द्वारा रेत का यह ठेका स्वीकृत किया गया है।**



### यह है पूरा मामला

मई माह में बैतूल कलेक्टर द्वारा जिले की रेत खदानों के लिए टेंडर निकाले गए थे जिसमें मिनिमम रेट 25 करोड़ रुपए निर्धारित किया गया था जिसमें 10 लाख घन मीटर रेत का खनन होना था। जिसको लेकर नरसिंहपुर की फर्म वंशिका कंस्ट्रक्शन द्वारा भी टेंडर प्रक्रिया में भाग लिया गया और 32 करोड़ रुपए कीमत डाली। लेकिन प्रशासन द्वारा जो निविदा आमंत्रित की गई थी उसमें घन मीटर रेत का रेट मांगा गया था वही पूरे प्रदेश में हाई वैल्यू के आधार पर निविदा के माध्यम से निविदा कारो से रेट मांगे गए थे। जिसके चलते वंशिक कंस्ट्रक्शन द्वारा पूरे 10लाख घन मीटर रेत का रेट 32 करोड़ रुपए डाला लेकिन जब टेंडर ओपन हुआ तो बैतूल प्रशासन द्वारा 32 करोड़ रुपए रेट प्रति घन मीटर मानते हुए टेंडर 320 लाख करोड़ रुपए में पास कर दिया गया।

### जमा करना है आधी राशि

जबकि हाईएस्ट रेट होने के चलते वंशिका कंस्ट्रक्शन को यह टेंडर मिल गया तो काम शुरू करने के पहले नियमानुसार उन्हें टेंडर की राशि का आधा पैसा जमा करना होता है। जोकि 320 लाख करोड़ का आधा 160 लाख करोड़ रुपए होता है। जिसे जमा करने के लिए गुरुवार को वंशिका कंस्ट्रक्शन को पत्र भेजा गया जिसके बाद कंपनी के पैरों तले जमीन खिसक गई। जो राशि बैतूल कलेक्टर द्वारा वंशिका कंस्ट्रक्शन से जमा करने कहीं जा रही है वह तो भारत सरकार के बजट को तो छोड़ दे भारत पाकिस्तान बांग्लादेश श्रीलंका नेपाल भूटान जैसे कई देशों के वार्षिक बजट से भी ज्यादा है। इस पूरे मामले में बैतूल माइनिंग अधिकारी कोई भी बात करने से इंकार कर रहे हैं वहीं वंशिका कंस्ट्रक्शन न्यायालय की शरण में जाने की तैयारी कर रहा है। **( फाइल फोटो )**

---

मथुरा में बांके बिहारी मंदिर में मची भगदड़

## मंगला आरती के दौरान दम घुटने से 2 की मौत



**मृतकों में एक जबलपुर का, पत्नी भी घायल**

**मथुरा, एजेंसी।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार पूरे देश में धूमधाम से मनाया गया, लेकिन मथुरा के विश्व प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में दर्दनाक हादसा हो गया। देर रात हुई मंगला आरती के दौरान मची भगदड़ में दो भक्तों की मौत हो गई। जानकीार के कारण श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर ठाकुर बिहारी मंदिर में मंगला आरती के दौरान भारी भीड़ के कारण श्रद्धालुओं का दम घुटने लगा। आधा दर्जन से अधिक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना में नोएडा सेक्टर 99 निवासी निर्मला देवी और वृंदावन के रुक्मिणी विहार कॉलोनी निवासी 65 वर्षीय राम प्रसाद विश्वकर्मा की मौत हो गई। राम प्रसाद मूल रूप से जबलपुर के रहने वाले थे। वैष्णो देवी यात्रा मार्ग और भवन के आसपास शुक्रवार को भारी बारिश के कारण रोकी गई यात्रा शनिवार सुबह फिर बहार हो गई। इससे पहले भारी बारिश के कारण श्रद्धालुओं को कटरा से ऊपर जाने से रोक दिया गया था। हिमकोटी मार्ग पूरी तरह बंद है और परंपरागत मार्ग से श्रद्धालुओं को नीचे की तरफ लाया जा रहा था। भवन के पास जलभराव और पत्थर गिरने के कारण कुछ घंटे के लिए दर्शनों को बंद कर दिया गया था। भक्तों की लंबी कतारों के बीच श्राइन बोर्ड के कर्मचारी, पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारी और जवान नियुक्त हैं। शुक्रवार को कुल 27,914 श्रद्धालुओं ने यात्रा के लिए पंजीकरण करवाया था।

---

# मंडला का लाल सीमा पर शहीद, शाम तक गांव पहुंचेगी पार्थिव देह

### त्रिपुरा में उग्रवादियों से हुई मुठभेड़, जवान की इलाज के दौरान मौत



**मंडला, यशभारत।** जिले का लाल सीमा की सुरक्षा करते हुए सीमा पर शहीद हो गया है। उक्त जानकारी देते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि त्रिपुरा में बांग्लादेश सीमा पर शुक्रवार को उग्रवादियों से हुई मुठभेड़ में मंडला जिले का लाल शहीद हो गया। जिसकी सूचना बीएसएफ हेड क्वार्टर द्वारा दी गई है, जिसमें बताया गया है कि बीएसएफ हेड कान्स्टेबल की पोस्ट पर तैनात गिरजेश कुमार उद्दे (53) जिले के बीजाडांडी विकासखंड के ग्राम चारगांव माल के रहने वाले हैं वह वर्तमान में त्रिपुरा में पदस्थ थे। मिली जानकारी में बताया जा रहा है कि गत शुक्रवार को त्रिपुरा के पानीसागर सेक्टर में सीमा चौकी सिमना द्वितीय की सीमा पर गश्त कर रहे एक दल पर उग्रवादियों ने घात लगाकर भारी संख्या में फायरिंग कर दी थी। उक्त फायरिंग में बीएसएफ हेड कान्स्टेबल गिरजेश कुमार उद्दे को चार गोलियां लगी थीं। उन्हें हेलिकाप्टर से अगरतला ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### सैनिक सम्मान के बीच दी जाएगी अंतिम विदाई

पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बलिदानी गिरजेश कुमार की देह को अगरतला से कोलकाता होते हुए जबलपुर लाया जाएगा। यहां आज शाम तक पार्थिव शरीर पहुंचने की संभावना है, जिसके बाद उनके गृह ग्राम चारगांव माल में सैनिक सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी।

### स्वजन में पत्नी और तीन बच्चे

ग्राम पंचायत के सरपंच से मिली जानकारी के अनुसार बलिदानी गिरजेश कुमार की पत्नी राधा देवी, दो पुत्र विपिन, तरुण और एक पुत्री चंद्रिका है। जो वर्तमान में जबलपुर में निवास करते हैं। घटना की जानकारी लगते ही वे सभी ग्राम चारगांव पहुंच गए हैं। साथ ही स्थानीय थाना का पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा है।

---

# आसमान से बरसी आफत, चंबा और उधमपुर में मकान ढहने से 5 की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी। भारी बारिश के चलते हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में मकान ढहने की घटनाएं सामने आई हैं। देश के दूसरे इलाकों में भी भारी बारिश के चलते आई बाढ़ ने काफी तबाही मचाई है। हिमाचल के चंबा जिले में शनिवार सुबह बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद मकान ढह गया, जिसकी चपेट में आकर तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मंडी जिले में अचानक आई बाढ़ के चलते घरों में पानी घुस गया, जिससे कुछ ग्रामीण वहां फंस गए और कई वाहनों को भी नुकसान पहुंचा। चंबा जिला आपातकालीन अभियान केंद्र (डीईओसी) के अधिकारियों ने बताया कि चौवारी तहसील के बनेत गांव में शनिवार तड़के करीब साढ़े चार बजे भूस्खलन हुआ, जिसके बाद एक मकान ढह गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। तीनों मृतकों के शव बरामद कर लिए गए हैं।



**बादल फटा, पंजाब से जोड़ने वाला रेलवे पुल टूटा**

बीती रात देहरादून में बादल फटने की घटना सामने आई। यहां के मालदेवता में हुई भारी बारिश के कारण 7 घर बह गए वहीं सौंग नदी पर बना पुल टूट गया। पठानकोट की चक्की खड्ड में बाढ़ से पठानकोट-जोगिंदरनगर रेल लाइन पर बना पुल बह गया। यह पुल 1927 में बना था।

---

# सिसोदिया की जांच में होगी ईडी की एंट्री

### शराब घोटाले में PMLA के तहत 2 धाराएं लगाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आबकारी नीति घोटाले में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर सीबीआई का शिकंजा कस गया है। इस मामले में दो कंपनियों समेत 15 आरोपितों के खिलाफ FIR दर्ज करने के बाद CBI ने शुक्रवार को दिल्ली में सिसोदिया के सरकारी आवास को मिलाकर सात राज्यों में कुल 31 स्थानों पर छापे मारे और सघन तलाशी ली। छापे में घोटाले से जुड़े अहम दस्तावेज मिलने का दावा किया गया है। करीब 14 घंटे चली जांच के बाद मनीष सिसोदिया ने कहा है कि वे सीबीआई से नहीं डरते हैं क्योंकि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है।अब जल्द ही इस केस में प्रवर्तन निदेशालय (ED) की भी एंट्री हो सकती है। मनीष सिसोदिया पर जिन 3 धाराओं में केस दर्ज है, उनमें 2 धाराएं प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत आती हैं। ईडी के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर सत्येंद्र सिंह का मानना है कि इस केस में अगले 1-2 दिन में ED की एंट्री हो सकती है। मनीष सिसोदिया पर इंडियन पीनल कोड की धारा 120B, 477A और प्रिवेंशन ऑफ करप्शन की धारा 7 के तहत केस दर्ज हुआ है। इनमें से IPC की धारा 120B और PC एक्ट की धारा 7 दोनों पर ED जांच में शामिल हो सकती है। ये दोनों धाराएं PMLA के तहत शेड्यूल्ड ऑफेंस में आती हैं। इस तरह के मामलों में ED फौरन कार्रवाई करती है। बता दें, दिल्ली के मुख्य सचिव ने नई आबकारी नीति में अनियमितता को उजागर किया था। इसके बाद उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने गृह मंत्रालय से इस पूरे मामले की CBI से जांच कराने की सिफारिश की थी। एजेंसी ने मनीष सिसौदिया, आबकारी विभाग के चार अधिकारियों और दो कंपनियों समेत कुल 15 आरोपितों के खिलाफ बुधवार को FIR दर्ज किया था। इनमें दिल्ली में शराब बेचने का लाइसेंस हासिल करने वाले 10 लोग भी शामिल हैं।

### FIR में घोटाले के पूरे खेल का ब्योरा, बही-खाते में फर्जी इंट्री

CBI ने भले की उपराज्यपाल की चिट्ठी को FIR का आधार बनाया हो, लेकिन इसे दर्ज करने के पहले घोटाले के पूरे खेल बारे में ठोस जानकारी जुटाई। FIR के अनुसार दिल्ली की आबकारी नीति को बनाने और लागू करने में हुई अनियमितताओं में मुंबई स्थित इवेंट मैनेजमेंट कंपनी ओनली मच लाउडर के पूर्व सीईओ विजय नायर, लखनऊ के गोमती नगर स्थित परनोड रिकार्ड के पूर्व कर्मचारी मनोज राय, दिल्ली के कालिदी कुंज स्थित ब्रींडको सेल्स के निदेशक अमनदीप ढल और जोरबाग स्थित इंडोस्पिरीट के प्रबंध निदेशक समीर महेंद्रू ने सक्रिय भूमिका निभाई थी। FIR में यह भी कहा गया है कि एल-वन लाइसेंस लेने वाली कई कंपनियों ने रिटेल वेंडर्स को क्रेडिट नोट जारी किया।

### कांग्रेस ने मांगा इस्तीफा

कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने शनिवार को दिल्ली आबकारी नीति को लागू करने में भ्रष्टाचार के मामले में कथित संलिप्तता को लेकर दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस नेता अलका लांबा और अभिषेक दत्त ने भी कहा कि मनीष सिसोदिया को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

---

## मुंबई पर 26/11 जैसा दूसरा हमला होगा...



### विदेश से आया पुलिस कंट्रोल रूम को धमकी भरा फोन

**मुंबई,एजेंसी।** देश की आर्थिक राजधानी और मायानगरी मुंबई को फिर से दहलाने की साजिश रची जा रही है। इस संबंध में मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में विदेश से एक धमकी भरा फोन कॉल आया है। जिसमें फोन करने वाले ने धमकी देते हुए कहा है कि मुंबई में दोबारा 26 नवंबर 2008 जैसा आतंकी हमला किया जाएगा। फिलहाल इस फोन कॉल की छानबीन पुलिस द्वारा शुरू कर दी गई है। इस बात की भी जांच की जा रही है कि क्या वाकई में यह किसी आतंकी संगठन द्वारा दी गई धमकी है या फिर किसी व्यक्ति की शरारत। कई बार मुंबई पुलिस को ऐसे हॉक्स कॉल भी आते हैं। हालांकि पुलिस हर कॉल को संजीदगी से लेते हुए उसकी पड़ताल करती है।

---

## पुंछ में मदरसा समेत कई ठिकानों पर छापा मॉड्यूल के सदस्य के खुलासे पर कार्रवाई




**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने मदरसा समेत कई ठिकानों पर छापा मारा है। आतंकवाद के लिए हवाला राशि मामले में यह कार्रवाई की जा रही है। एसआईए की टीम सुबह 6 बजे से कार्रवाई में जुटी है। बस स्टैंड पर दो दिन पहले पकड़े गए मॉड्यूल के सदस्य के खुलासे पर यह कार्रवाई की जा रही है। बस स्टैंड से पकड़ा गया व्यक्ति मदरसा संचालक का ड्राइवर बताया जा रहा है।आपको बता दें कि जम्मू बस स्टैंड से गुरुवार को गिरफ्तार लश्कर सहयोगी अब्दुल हमीद को हवाला का पैसा देने वाले आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया है। जम्मू और दिल्ली पुलिस ने मिलकर दिल्ली के नलबंधन टर्कमैन गेट स्थित रहने वाले मोहम्मद यासीन को दबोचा है। यासीन के कब्जे से सात लाख रुपये की हवाला राशि बरामद की गई है। यासीन कपड़ा व्यापारी है। दिल्ली के मीना बाजार में बैठ कर यासीन दुकान की आड़ में लश्कर के लिए हवाला का पैसा बाहर से लेकर जम्मू-कश्मीर में पहुंचाता था। दिल्ली और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक संयुक्त कार्रवाई में आतंकी संगठनों लश्कर-ए-ताइबा (एलईटी) और अल-बद्र को फंडिंग करने वाले यासीन को गिरफ्तार किया है।

---

## सोमालिया में मुंबई जैसा आतंकी हमला

**मोगादिशु, एजेंसी।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में आतंकी हमला हुआ है। आतंकियों ने एक होटल को निशाना बनाया। हमले में 8 लोगों की मौत हो गई है। 9 घायलों के घायल होने की खबर है। इस्लामी आतंकवादी समूह अल-शबाब ने हमले की जिम्मेदारी ली है। अधिकारियों के मुताबिक घायलों की संख्या बढ़ सकती है। न्यूज एजेंसी रायटर्स के मुताबिक, पहले होटल के बाहर खड़ी 2 कारों में ब्लास्ट हुए। इसके बाद आतंकी होटल में घुसे और लोगों के बीच फायरिंग शुरू कर दी। सिक्योरिटी फोर्स और आतंकियों के बीच काफी देर तक मुठभेड़ चली। हमले में मोगादिशु के खुफिया प्रमुख मुहीदीन मोहम्मद घायल हुए हैं। फिलहाल 8 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है।

---

**प्रसूता की बिगड़ी हालत**

# बल्लियों पर लटकाकर तीन किमी पैदल चले ग्रामीण



### तब मिला अस्पताल पहुंचने का साधन

**बैतूल,एजेंसी।** जिले के आमला क्षेत्र में कच्ची सड़क और नाले पर पुल ना होने से ग्रामीण एक प्रसूता को हालत बिगड़ने पर लकड़ी और कपड़े से बनाई झोली में टांगकर तीन किलोमीटर दूरी तय कर मुख्य सड़क तक ले गए। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की पोल खोलने वाला वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्रसूता को आमला के अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां हालत में सुधार ना होने पर परिजन नागपुर के अस्पताल ले गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार आमला क्षेत्र में कलमेश्वरा ग्राम पंचायत का बोदुड़ रैय्यत गांव वर्षाकाल में टापू का रूप ले लेता है। गांव तक पहुंचने वाली सड़क कच्ची है और दो नाले बाढ़ आने पर राह रोक देते हैं। इस वजह से ग्रामीणों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है। गांव में किसी के बीमार हो जाने पर अक्सर उसे कंधों पर मुख्य सड़क तक लाना पड़ता है। आमला के जितेंद्र शर्मा ने बताया कि ग्राम की सुकरती बेठेकर नामक महिला का 14 अगस्त की रात घर में प्रसव हो गया था। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई। तेज वर्षा जारी रहने से परिजन उसे अस्पताल नही ले जा पाए। 16 अगस्त को वर्षा थम जाने पर ग्रामीणों ने प्रसूता को लकड़ी और कपड़े से बनाई गई झोली में टांग लिया और पैदल कच्ची सड़क से होकर नाले पार कर मुख्य सड़क तक लेकर आए। वहां से निजी वाहन से उसे आमला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया। आमला के बीएमओ डा. अशोक नरवरे ने बताया कि प्रसूता को भर्ती कर प्राथमिक उपचार दिया गया था। अत्यधिक रक्त स्राव होने से जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन परिजन नागपुर के किसी अस्पताल में ले गए। ग्राम के सुखलाल बेठेकर ने बताया कि पक्की सड़क और नाले पर पुल नहीं होने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बहुत प्रयास के बाद सुदूर सड़क स्वीकृत हुई थी जो वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हो गई है। मुख्य सड़क तक जाने वाले रास्ते में दो नाले पड़ते हैं जिन पर पुल नहीं होने से वर्षाकाल में वाहनों का आवागमन बंद हो जाता है।

---

## सीएम पद से होगी हेमंत सोरेन की छुट्टी !

# बीजेपी का दावा- झारखंड में इनकी ताजपोशी की चल रही तैयारी

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सीएम पद छोड़ना पड़ सकता है। खनन लीज आवंटन मामले में चुनाव आयोग में सुनवाई पूरी हो चुकी है। कभी भी आयोग फैसला दे सकता है। यदि प्रतिकूल फैसला आता है तो सोरेन को अयोग्य घोषित किया जा सकता है। ऐसे में प्रदेश की राजनीति में सरगर्मी बढ़ गई है। इसी बीच बीजेपी ने दावा किया है कि सोरेन की जगह उनकी पत्नी कल्पना को सूबे की बागडोर सौंपी जा सकती है। वहीं शनिवार को सीएम ने सत्तारूढ़ दलों के विधायकों की बैठक बुलायी है। जिसमें महागठबंधन दल के विधायकों को एकजुट रखने की कोशिश की जाएगी।

बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने दावा किया है कि झारखंड में भाभी की ताजपोशी कराई जाएगी। उन्होंने ट्वीट कर कहा, झारखंड में भाभी जी के ताजपोशी की तैयारी, परिवारवादी पार्टी का बेहतरीन नुस्खा गरीब के लिए। इससे पहले बीजेपी सांसद ने बरहेट और दुमका विधानसभा में उपचुनाव होने का दावा किया था। उन्होंने कहा था, ‘‘झारखंड मुक्ति मोर्चा औरो कांग्रेस दिल्ली- रांची क्यों दौड़ रहा है रे भाई। हम बोले बरहेट, दुमका विधानसभा में उपचुनाव होगा तो हमको कांके भेज रहे थे? अब तो विधानसभा अध्यक्ष को कनाडा जाने से रोक दिए? इस्तीफे विकल्प है, दैइए दीजिए।



### सुखाड़ को लेकर बुलाई बैठक

झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य का कहना है कि सीएम ने सुखाड़ को लेकर बैठक बुलाई है। हालांकि झामुमो की राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने कहा कि बैठक विधायकों को एकजुट रखने को लेकर हो रही है। वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का कहना है कि सभी विधायक एकजुट हैं। निलंबित तीनों विधायक भी हमारे खेमे में हैं। दूसरी ओर बीजेपी पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

### प्रतिकूल स्थिति में क्या होगी रणनीति

सीएम सोरेन की विधायकी पर प्रतिकूल निर्णय की स्थिति में सरकार की रणनीति क्या होगी, कैसे इस परिस्थिति से निपटा जायेगा, इसे लेकर बैठक में सभी पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। माना जा रहा है कि तमाम परिस्थितियों में एकजुटता के साथ मजबूती से मुकाबला करने की रणनीति बनाई जाएगी। इसके लिये सत्तारूढ़ विधायक दल की बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में उनके आवास पर 11 बजे से निर्धारित है। इसमें सत्तारूढ़ दल के सभी विधायकों को मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है।



# रात 12 बजे गूंजे शंख ध्वनि और घंटे-घड़ियाल धूम-धाम से मनाया गया कान्हा का जन्मोत्सव

## मुख्य शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण, यशोदा के लाल की जीवंत मनोहारी झांकियां रहीं शामिल

**जबलपुर, यशभारत।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर शुक्रवार हर कोई उत्सवी उल्लास में डूबा नजर आया। जगह-जगह हुए मटकी फोड़ के आयोजन में दही हांडी फोड़ी गई। शंख ध्वनि और घंटे-घड़ियाल के बीच नंद के घर आनंद भयो का जयघोष गूंज उठा। रात 12 बजे जन्म आरती हुई। इसके पूर्व दोपहर में मुख्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें भगवान श्रीकृष्ण नंद नंदन, यशोदा के लाल की जीवंत मनोहारी झांकिआं शामिल रहीं । भगवान श्री कृष्ण जन्म, पूतना वध, दुर्योधन युद्ध, श्री राधा- कृष्ण श्री रासलीला, जरासंध युद्ध की जीवंत झांकियों के साथ शताधिक झांकियां शामिल हुई । 42 वर्षीय परंपरा को अनवरत जारी रखते हुए शोभायात्रा में बैंड ढोल, नगाड़ों के साथ, दुलदुल घोड़ी , चार घोड़े की बग्घी विशेष आकर्षण का केंद्र रही , विभिन्न स्वरूपों की झांकी, संकीर्तन मंडलो, महिला कीर्तन-भजन मंडलिया शमिल रही। नर्मदा तट सिध्दा घाट शहपुरा से पधारे ग्रामीण संकीर्तन मंडल ने ढोलक मंजीरा, नगड़िया, लोटा तंबूरा से श्रीकृष्ण अर्जुन महाभारत संवाद, मीरा कबीर के दोहे के साथ भजन नाचते गाते हुए चल रहे थे । शोभायात्रा की अगुवाई परम पूज्य नरसिंह पीठाधीश्वर डाक्टर स्वामी नरसिंह दास महाराज, श्रीकृष्णराज आराध्य , स्वामी बालक दास महाराज, स्वामी राजारामाचार्य महाराज, अनूप देव शास्त्री, वासुदेव शास्त्री, पंडित रोहित दुबे, पंडित देवेंद्र त्रिपाठी सहित संत महात्माओं का सानिध्य मिला । शोभायात्रा में नरसिंह मंदिर, गीता धाम, श्री कृष्ण मंदिर गोरखपुर, श्री राम मंदिर मदन महल, श्री गोपाल मंदिर घमापुर, श्री झूलेलाल मंदिर ओमती, श्री कृष्ण मंडल जगदीश मंदिर गढाफाटक, श्री जय कृष्णी सभा बाई का बगीचा, श्री कृष्ण मंदिर छोटी ओमती गीता भवन, श्री गोपाल लाल जी महाराज मंदिर हनुमान ताल, अन्नपूर्णा मंदिर, यादव महासभा, अखिल विश्व गायत्री परिवार, श्री गोविन्द गंज राम लीला समिति, श्री राम लीला समिति गढा, नगर पंडित सभा भगवान श्रीकृष्ण की शताधिक अति मनभावन झांकिया शामिल हुई । श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की मुख्य शोभायात्रा में विधायक विनय सक्सेना, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व महापौर स्वाति गोडबोले, सदानंद गोडबोले, पार्षद रजनी साहू, प्रतिभा भापकर, कविता रैकवार, शारदा कुशवाहा सहित डा. जितेन्द्र जामदार, डा. पवन स्थापक, अखिलेश जैन, सीए शरद जैन, आशीष दुबे, दिनेश यादव आदि उपस्थित थे । शोभायात्रा का 100 से अधिक मंचों पर स्वागत किया गया। मोटर पार्ट्स एसोसिएशन, साहू समाज मढाताल गुरुद्वारा, अग्रवाल महासभा, बड़ी खेरमाई मंदिर ट्रस्ट ,रंबा प्रसारण ट्रस्ट, एवं केशरवानी समाज ,अग्रवाल महासभा, महाराष्ट्र ब्रह्म वृंद समाज, दिगंबर जैन पंचायत सभा ,खटीक समाज ब्राह्मण मंच, विश्व हिंदू परिषद दुर्गावती नगर मांझी समाज, सराफा एसोसिएशन, आदि के मंचों से भगवान की आरती उतार कर वंदन किया ।सनातन धर्म महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी, चंद्र कुमार भनोत, अशोक मनोध्याय, गुलशन मखीजा, कमला मालपानी, नीता चावला, बाबू विश्वमोहन, शरद काबरा, मदन गोपाल जेठा, लकी भाटिया,अनिल तिवारी, हीरा तिवारी, संजय यादव, गिरिराज चाचा,पप्पन मिश्रा, सत्येन्द्र शर्मा, भोले सोनकर, विजय सरागवी, प्रवेश खेड़ा, विष्णु पटेल, मथुरा चौबे, रमेश शर्मा, मनोज नारंग, विवेक अग्रवाल,अनिल चंडोक, नंदन दुबे, जगदीश साहू, एड के के बस्सी,विध्येश भापकर, अंबर पुंज, डा संदीप मिश्रा, आशीष दुबे, राजेंद्र यादव, मनोज यादव, हर्ष काबरा, संदीप सेठी, नरेंद्र खरे, योगेश बिलोहा, कौशल सूरी रनेश खरे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारियों की उपस्थिति रही ।



### संजीवनी नगर अरुणालय मे कृष्ण जन्मोत्सव की धूम

द्वापर युग के महावतार भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर संजीवनी नगर अरुणालय में कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। रात12बजते ही शंख घंटे घड़ियाल के मध्य भगवान कृष्ण का प्राक्ट्य उत्सव मनाया गया ।इस मौके पर झूमते गाते भक्तों ने माखन मिश्री से एक दूसरे का मुंह मीठा किया । दोपहर12बजे से जन्म के बाद तक चली भजनों की श्रंखला में नरेंद्र राज भजन मंडली के साथ अन्य भक्तों ने एक बार तो आ जाओ हम माखन खिला देंगे ,तुम रूठे रहो मोहन हम तुमको मना लेंगे ,मुरली वाला हमारा घनश्याम हो गया कृष्ण भक्ति हमाराकाम हो गया औरलगन तुमसे लगा बैठे जो होगा देखा जायेगा जैसे कृष्ण भक्ति भजनों से वातावरण को कृष्ण मय बना दिया। इस मौके पर अरुण ठाकुर अंशुल संतोष रश्मि ठाकुर इमरत सिंह पलक ठाकुर, अर्चना ठाकुर प्रमोद दीपक आदि भक्त गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





### मांझी व्यामशाला ने फोड़ी शहर की सबसे ऊंची मटकी

जबलपुर शहर के हृदय स्थल कमानिया गेट बड़ा फुहारा पर विशाल मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । आयोजनकर्ताओ की ओर से युवा मोर्चा के जिला महामंत्री रौनक अग्रवाल ने बताया कि 2018 में इस कार्यक्रम की नींव रखी गई थी। 2019 में भी यहां कार्यक्रम आयोजित किया गया था। पिछले दो वर्षों से कोरोनाकाल के कारण मटकी फोड़ का आयोजन नहीं किया जा सका, लेकिन इस वर्ष पुन: मटकी फोड़ का आयोजन किया गया, जिसमें जबलपुर शहर के तीन प्रसिद्ध अखाड़ा जिसमें प्यारेलाल उस्ताद अखाड़ा, बुद्ध गोड़ अखाड़ा एवं मांझी व्यायामशाला ने भाग लिया। देर रात मांझी व्यायामशाला ने शहर की सबसे ऊंची मटकी फोड़ी। विजेता अखाड़े को सदस्यों को पुरस्कार स्वरूप ट्राफी एवं 21000 रुपये का नकद इनाम दिया गया। कार्यक्रम में संचित सराफ अभिषेक वासल भूपेंद्र यादव राहुल तिवारी, मयंक सराफ , ऋषभ जायसवाल, आदि सैकड़ों की तादाद में युवा साथियों कार्यक्रम में उपस्थित रहे।







## आनंद उमंग भयो जय हो नंद के लाल की






### श्रीराम शरणम में गीता ज्ञानयज्ञ की पूर्णाहुति

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्रीराम शरणम में गीता ज्ञानयज्ञ की पूर्णाहुति की गई। संस्थापक स्वामी सत्यानंद महाराज विचरित श्रीमद् भगवत गीता का पाठ नौ अगस्त से दैनिक व साप्ताहिक सत्संग के रूप में हुआ। समापन अवसर पर श्रीअमृतवाणी संकीर्तन, भजन, प्रवचन व गीता के अठारहवें अध्याय का सामूहिक पाठ हुआ।

### डिसिल्वा रत्नशी स्कूल में श्री कृष्ण लीलाओं की सुंदर झांकी

सहज योग ट्रस्ट जबलपुर द्वारा डिसिल्वा रत्नशी स्कूल बलदेव बाग में श्री कृष्ण लीलाओं से संबंधित सुंदर झांकी लगाई गई। सहज योग ट्रस्ट माता निर्मला देवी ने इस परम्परा का शुभारंभ किया था ।सिटी को-आर्डिनेटर सुनीता वर्मा, संध्या करमरकर, वर्षा यादव , प्रशांत पाठक, अमित दास, अभिषेक गुप्ता ,प्रीति रावत, पूजा पलक, वर्षा यादव व डा. संजय मिश्रा का सहयोग रहा।

### बुजुर्गों को फल वितरण कर आप ने मनाया कृष्ण जन्माष्टमी पर्व

शास्त्री नगर मेडिकल कॉलेज निकट वृद्ध आश्रम में आज आम आदमी पार्टी के द्वारा सभी वृद्धों को फल वितरण करके कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई जिसमें आम आदमी पार्टी के एड. रामकिशोर शिवहरे, (पूर्व जिला संयोजक), ओमबाबू जांगिड़, मनीष शर्मा (लोकसभा अध्यक्ष), कमलेश त्रिपाठी, दीपक गोस्वामी , बलराज सिंह , लखन महोविया, रतन गर्ग, चंद्रभूषण सिंह, मदन शर्मा, मनोज सैनी, जी सुमित नीलकर जी, जैन साहब झारिया , विनोद ठाकुर, विक्की नामदेव,राजेश पटेल महेंद्र विश्वास आशीष बिश्वास अंशु भुर भुरे,सुधीर खरे , रमाशंकर शुक्ला , अमित पटेल, मदन शर्मा, एमके सैनी, मधुबाला श्रीवास्तव, सरोज शर्मा, शीला देवी मेहरा,भागवती परिहार, राधा पटेल , अनुराधा पांडे ,प्रियंका पटेल, एवं समस्त आप कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे!



### हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में वृंदावन सा नजारा

#### प्रसाद में बाटे गए मोर पंख हुआ अभिसेक

हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में भगवान राधा कृष्ण का 11 फलों के रस के साथ अभिषेक स्वामी रामचंद्र जी महाराज के सानिध्य में किया गया सभी को वृंदावन धाम से पूजित मोर पंख का प्रसाद में वितरण हुआ मोर पंख बटते ही आश्रम में वृंदावन सा नजारा लगने लगा । आश्रम में सुबह प्रभात फेरी तुलसी पूजा हरे कृष्ण महामंत्र का जाप एवं 5100 महामंत्र लेखन का कार्य किया गया गौ माता का पूजन कर महाआरती की गई बच्चों द्वारा भगवान के सामने मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया । आश्रम व्यवस्थापक नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने बताया पूड़ी सब्जी हलवा खिचड़ी मट्ठा कचोरी केला पंजीरी फल आदि का वितरण किया गया इस अवसर पर शरद अग्रवाल ने आभार प्रदर्शन किया ज्ञात हो 11 साल से अधिक प्रतिदिन 200 लोगों के भोजन की निशुल्क व्यवस्था चलित प्रसादम सेवा के नाम से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट के द्वारा की जा रही है।



#### निगमीकरण : इंटक फेडरेशन की सहमति नहीं थी

## रक्षा मंत्रालय ने आरटीआई के जवाब में किया खुलासा

**जबलपुर यशभारत।** देश भर की 41 आयुध निर्माणियों को 7 निगमों में सरकार द्वारा विभाजित किया गया है। कुछ फेडरेशनों द्वारा एन डी डब्ल्यू एफ पर समर्थन देने का आरोप लगाया गया था ताकि तत्कालिक परिवेश में उन्हें लाभ मिले। इस पर इंटक के अधिवक्ता ने रक्षा मंत्रालय से सूचना के अधिकार के तहत यह जानकारी मांगीं थी कि किस फेडरेशन ने निगमीकरण के लिए समर्थन दिया। जिस पर मंत्रालय ने किसी भी फेडरेशन का नाम इंगित नहीं किया। जेसीएम 2 सदस्य अरुण दुबे ने बताया कि आई एन डी डब्ल्यू एफ ने कभी भी निगमीकरण का समर्थन नहीं किया। सिर्फ सेवा शर्तो पर जानकारी लेना चाही थी ।जो वर्तमान में सभी फेडरेशन यही काम कर रही है। यूनियन के महामंत्री आनंद शर्मा ने कहा निगमीकरण विरोधी पैनल हड़ताल से पीछे हटी और लगभग 8 महीने से किसी विरोध प्रदर्शन में नजर नहीं आ रही है। जबकि इंटक के अध्यक्ष डा.जी संजीवा रेड्डी वर्तमान में सभी केंद्रीय की ट्रेड यूनियन का नेतृत्व करते हुए कर्मचारियों की वास्तविक अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं ।उन्हें एनजेसीए का सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया है। यूनियन के अखिलेश पटेल अनुपम भौमिक अनिल गुप्ता राजीव रंजन आशीष तिवारी धर्मेंद्र रजक मुकेश विनोदिया जीजो सी जैकब जीवन सिंह संतोष सिंह अनुज मिश्रा उदय जसवाल सुनील खत्री रवि चंद्रा राम बाबू ने कहा कि इंटक हमेशा मजदूर हित में कार्य करने हेतु अग्रणी रही है।

## श्रीकृष्ण रहस्य पर व्याख्यान का आयोजन कल

### व्याख्यानमाला में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा. पवन सिन्हा होंगे शामिल




**जबलपुर,यशभारत।** पावन चिंतन धारा आश्रम की जबलपुर इकाई के सदस्यों द्वारा संस्कारधानी के मानस भवन मेंसायं 6 बजे से दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा. पवन सिन्हा गुरूजी द्वारा श्रीकृष्ण रहस्य व्याख्यान कार्यक्रम में शामिल होंगे। डा. सिन्हा भगवान श्रीकृष्ण के 125 वर्ष के जीवन से जुड़े कई रहस्यों को उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी एक पत्र वार्ता में समन्वयक सोनल पंडित, सुनीता वर्मा राकेश नेमा ने दी उन्होंने बताया कि डा. सिन्हा पावन चिंतन धारा आश्रम के संस्थापक हैं। राजनीति शास्त्र के प्रोफेसर डा. सिन्हा शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए 2013-14 के वेदव्यास राष्ट्रीय सम्मान सहित अनेक सम्मानों से अलंकृत हैं। इस व्याख्यान कार्यक्रम के अलावा 22 अगस्त को सुबह 10 बजे से डा. सिन्हा शहर के विभिन्ना संस्थानों के शिक्षकों-शिक्षिकाओं के साथ नई शिक्षा नीति के सन्दर्भ में चशिक्षकों के दायित्वज्ज विषय पर चर्चा करेंगे और बच्चों के शिक्षण के लिए महत्वपूर्ण सूत्र साझा करेंगे। यह संवाद कार्यक्रम एमएम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित किया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि पावन चिंतन धारा आश्रम क्रियात्मक अध्यात्म, सार्वभौम प्रेम और राष्ट्रवाद को समर्पित आश्रम है। बच्चों और युवाओं को समर्पित यह आश्रम उनके उत्तम तन, उत्तम मन और उत्तम चरित्र के निर्माण पर बल देता है और प्रयास करता है कि देशभक्ति और मातृभूमि के प्रति प्रेम हर व्यक्ति में सिंचित कर सके। परमपूज्य डॉ. पवन सिन्हा 'गुरूजी' इस आश्रम के संस्थापक हैं। वे स्वामी विवेकानंद के अनुयायी तथा उच्च कोटि के साधक व राष्ट्रवादी संत हैं ।



## सुनील भारती बने मॉर्डन फेडरेशन पेंटाथलॉन ऑफ इंडिया जॉइन्ट सेकेट्री

**जबलपुर,यशभारत।** हाल ही में पूना में आयोजित मॉर्डन फेडरेशन पेंटाथलॉन ऑफ इंडिया की स्पेशल जनरल मीटिंग में फेडरेशन का चुनाव 2022 से 2026 के लिए सुनील भारती को फेडरेशन का जॉइन्ट सेकेट्री जनरल (संयुक्त सचिव) नियुक्त किया गया है। सुनील भारती की इस उपलब्धी पर ऑलम्पिक एसोशिऐशन के सचिव दिग्विजय सिंह एवं मॉर्डन पेंटाथलॉन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष जगतबहादुर सिंह, रचित दीक्षित एवं जागरूक खेल संघ और मॉर्डन पेंटाथलॉन के सभी पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने उनका पुष्प गुच्छ एंव पुष्प माला पहनाकर स्वागत करते हुए, बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर जागरूक खेल संघ के जिलाध्यक्ष एवं मॉर्डन पेन्टॉथलान जबलपुर डिस्टिक के सचिव रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि अभी संघ के रॉबर्ट मार्टिन, राजूपहलवान, जीवन लाल रजक, राकेश श्रीवास, दिलीप सिंह ठाकुर, अजेय शुक्ला, आदि उपस्थित रहे।






### सांची दुग्ध संघ ने रेट बढ़ाए अब एक लीटर दूध के 60 रुपए चुकाने होंगे

**जबलपुर, यशभारत।** मप्र में सांची दुग्ध संघ ने दूध के रेट बढ़ा दिए हैं। प्रति लीटर 2 रुपए की बढ़ोतरी की है। भोपाल, इंदौर और जबलपुर में 20 अगस्त से नए रेट लागू होंगे। इससे पहले अप्रैल में रेट प्रति लीटर 4 रुपए तक बढ़े थे। यानी, 5 महीने में ही लोगों पर प्रति लीटर छह रुपए तक का बोझ बढ़ गया है। बता दें कि खुले दूध के बाद सांची दूध की प्रदेश में सबसे ज्यादा खपत होती है ।अमूल-मदर डेयरी ने 3 दिन पहले 16 अगस्त को ही दो रुपए प्रति लीटर तक दाम बढ़ाए थे। इसके बाद सांची ने भी कीमतें बढ़ा दीं। सांची ने प्रति लीटर 2 रुपए की वृद्धि की है। इससे पहले मार्च में 2 रुपए प्रति लीटर दूध की वृद्धि हुई थी। मार्च 2022 में 56 रुपए प्रति लीटर सांची दूध था, जो कि बढ़कर 58 रुपए हो गया है। वहीं, अब 20 अगस्त से सांची दूध के लिए 2 रुपए की बढ़ोतरी की जा रही है। अब उपभोक्ता को 58 रुपए की जगह दूध के लिए 60 रुपए देने होंगे।

#### शहर के नागरिकों को राहत देने महापौर की विशेष पहल

## फ्लाईओवर निर्माण के क्षेत्र की सड़कों को पांच दिनों के अंदर चलने लायक बनाने दिए निर्देश

**जबलपुर,यशभारत।** शहर के सम्माननीय नागरिकों के हित में महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू ने विशेष पहल करते हुए फ्लाईओवर क्षेत्र की सभी क्षतिग्रस्त सड़कों को चलने लायक बनाने के निर्देश दिए हैं। महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू ने स्टेट पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री गोपाल गुप्ता को बुलाकर सड़कों के निर्माण के संबंध में चर्चा की एवं फ्लाईओवर क्षेत्र की सड़कों को 5 दिन के अंदर चलने लायक बनाने के निर्देश दिए। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि इस संबंध में उनके द्वारा मुख्य अभियंता श्री वर्मा को भी पत्र लिखा जा रहा है। महापौर शहर के अन्य सड़कों के संबंध में भी विशेष पहल करते हुए नागरिकों को राहत दिलाने जा रहे हैं। महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू ने नगर निगम आयुक्त आशीष वशिष्ठ से चर्चा करते हुए बारिश एवं अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त शहर के अन्य सड़कों का भी जल्द से जल्द निर्माण एवं मरम्मत कराए जाने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा है कि अभियान चलाकर क्षतिग्रस्त सड़कों का जल्द से जल्द निर्माण कराया जाए जिससे नागरिकों को आवागमन में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। इस संबंध में महापौर के द्वारा निगम आयुक्त को भी पत्र लिखा जा रहा है, जिसमें सड़कों के निर्माण के संबंध में जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए जाएंगे। महापौर ने बताया कि फ्लाईओवर निर्माण क्षेत्र की अधिकांश सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई है जिससे नागरिकों को आवागमन में परेशानी हो रही है इसी को ध्यान में रखते हुए आज स्टेट पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री को बुलाकर उन्हें 5 दिनों के अंदर सड़कों के निर्माण के निर्देश दिए गए हैं इसके अतिरिक्त शहर के अन्य सड़कों के निर्माण के संबंध में भी नगर निगम प्रशासन से कार्य करा कर शहर के सम्माननीय नागरिकों को राहत प्रदान की जाएगी। महापौर की इस पहल से शहर की यातायात व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी।



### महापौर ने छात्र -छात्राओं को दिया मेट्रो बस सेवा का तोहफा

**जबलपुर,यशभारत।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने तोहफा देते हुए मेट्रो बस सेवा में विस्तार किया है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल की मांग पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने सोमवार से शहर के चार प्रमुख रूटों से रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय तक मेट्रो बस सेवा संचालित करने के निर्देश दिए हैं। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि पिछले दिनों एनएसयूआई के एक प्रतिनिधिमंडल ने उनसे रांझी से रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, चुंगी नाका आईटीआई से दमोह नाका होते हुए रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, अधारताल से सिविल लाइंस और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय तक और मेडिकल से होते हुए रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय तक मेट्रो बस सेवा प्रारंभ किए जाने की मांग की थी छात्र छात्राओं के हित में निर्णय लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों से चर्चा की एवं छात्र छात्राओं के हित में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय तक बस सेवा प्रारंभ करने के निर्देश दिए जिसके परिणामस्वरूप इन सभी रूट पर मेट्रो बस सेवा प्रारंभ कराई जा रही है।

**सोमवार से शहर के 4 रूटों से प्रारम्भ होगी रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय तक मेट्रो बस सेवा**

# बंगाल की खाड़ी में बने नये सिस्टम से जोरदार बारिश

**जबलपुर, यशभारत। बंगाल की खाड़ी में बने नये सिस्टम के असर से शनिवार सुबह उमड़ घुमड़ के साथ झमाझम बारिश शुरू हुई।, जिससे मौसम में ठंडक घुल गई। सुबह नौ बजे के बाद तेज बारिश बूंदाबांदी में बदल गई, जो रह रहकर जारी है। शुक्रवार दोपहर में हल्के बादल छाए रहे,अपरान्ह करीब चार बजे तेज बौछारें पड़ने लगी। धूप, बादल और वर्षा के चलते वातावरण में इस कदर उमस बढ़ी कि लोगों के पसीने छूट गए। हालांकि रात में भी हल्की फुहारें पड़ती रहीं।**



मौसम विभाग ने शनिवार से जबलपुर सहित संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ वर्षा की संभावना जताई थी मौसम विभाग के अनुसारजबलपुर सहित पूर्वी मध्यप्रदेश के जिलों में शनिवार और रविवार को झमाझम वर्षा हो सकती है। संभाग के जिलों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बौछारें तो कहीं जोरदार वर्षा की संभावना जताई जा रही है। आजसुबह 18मिलीमीटर और वहीं सीजन में अब तक 826 मिलीमीटर यानी 32 इंच के करीब वर्षा हो चुकी है। वहीं गत वर्ष की बात करें तो अब तक 467.3 मिलीमीटर यानी 18.3 इंच वर्षा हुई थी। बहरहाल धूप, बादल और रिमझिम फुहारों से शुक्रवार को दिन का अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस से कुछ कम होकर 30.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान आंशिक रूप से बढ़कर 23.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जिससे रात में हल्की उसम का अहसास होता रहा।





## मोबाइल टावर की दीवार तोड़कर बैटरी ले गए चोर

जबलपुर यशभारत। पाटन थाना अतंर्गत ग्राम रोझा में मोबाइल एयरटेल टॉवर्स से दीवार तोड़कर अज्ञात चोर बैटरी बैक के 24 सेल, स्ट्रिप पट्टी के नट बोल्ट अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्लानगर मदनमहल निवासी 43 वषीज्य नीतेश बमज़्न ने लिखित शिकायत की, कि वह और अंकुर श्रीवास्तव आर एम सिक्यूरिटी में सुपरवाईजर के पद पर पदस्थ हैं और दोनों टावर सिक्यूरिटी का काम देखते हैं। गत 3 अगस्त को 1 बजे से 4 बजे के बीच ग्राम रोझा में मोबाइल एयरटेल टावसज़् की दीवार तोड़कर 600 ए एच, अमरराजा बैटरी बैंक के 24 सेल और स्ट्रिप पट्टी के नट बोल्ट अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 75 वी जयंती पर नौदरा ब्रिज स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण,संगोष्ठी

**जबलपुर, यशभारत। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 75 वी जयंती पर नौदरा ब्रिज स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा पर कांग्रेस जनों द्वारा माल्यार्पण कर उनके द्वारा देश हित में किए गए कार्यों को याद किया गया।**

इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष व महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि राजीव गांधी द्वारा जो कंप्यूटर क्रांति देश में लाई थी उसका असर अब देखा जा रहा है वहीं उन्होंने वयस्क मताधिकार की उम्र 18 वर्ष करने वाले उनके निर्णय को भी याद किया। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे जिनकी मौजूदगी में स्वर्गीय राजीव गांधी को याद करते हुए एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया जहां वक्ताओं ने अपने विचार रखें। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व अध्यक्ष दिनेश यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कमलेश यादव, सेवादल अध्यक्ष सतीश तिवारी, वीरेन्द्र चौबे, झल्लेलाल जैन, एमआईसी सदस्य अमरीश मिश्रा, संतोष दुबे, अयोध्या तिवारी, अख्तर, गुड्डू नवी,मनोज नामदेव समेत बड़ी संख्या में पार्टीजन मौजूद रहे।

## उमराह हेतु पहला जत्था मदीने के लिए रवाना

जबलपुर, यशभारत। मुस्लिम धर्मावलियों की सबसे बड़ी और प्रमुख तीरथ मक्का मदीना ( सऊदी अरब) उमरा करने हज के बाद पहला उमराह के लिए पहला जत्था हाजी इमामुद्दीन के नेतृत्व में में आज सुबह डुमना एयरपोर्ट से मुंबई के लिए रवाना हुआआज शाम को 7-00 बजे मुंबई से सऊदी अरब के लिए रवाना होंगेउमराह में रवाना होने वालों में कमरुन्निसा, मिर्जा तौसिफ शामिल हैं। यह जानकारी शहर जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रवक्ता हासिम खान (राजा) ने दी।

## अंगदान हेतु प्रोत्साहित एवं जागरूक करने मेट्रो हॉस्पिटल में वृहद आयोजन आज

**जबलपुर, यशभारत।** विश्व अंगदान पखवाड़ा पर अंगदान हेतु प्रोत्साहित करने एवं जन जागरूकता उत्पन्न करने के लिए प्रभावी कार्यक्रम की रुपरेखा बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन आज सायं 5 बजे मेट्रो हॉस्पिटल में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता डॉ पवन स्थापक अध्यक्ष इंडियन मेडिकल एसोसिएशन होंगे, अध्यक्षता सौरभ बड़ेरिया उपाध्यक्ष इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी करेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ पी जी नाजपांडे तथा आशीष दीक्षित सचिव इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी होंगे। प्रमुख वक्ता डॉ विशाल बढेरा नेफ्रोलॉजिस्ट, ,डॉ शैलेन्द्र सिंह मेडिकल डायरेक्टर, ,डॉ राजेश पटेल किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन रहेंगे।

## महापौर का सम्मान कल

**जबलपुर, यशभारत।** आन्ध्र तेलुगू सेवा समिति के तत्वाधान में 21अगस्त रविवार को शाम 6.00 बजे से विनय सक्सेना विधायक उत्तर मध्य विधानसभा के विशिष्ट अतिथ्य में नव निर्वाचित महापौर जगत बहादूर सिंह च्अन्नूज्ज एवं पार्षद द्वय संतोष पण्डा , पार्षद कस्तूरबा गांधी वार्ड एवं श्रीमती सोनिया रंजीत ठाकुर पार्षद विवेकानंद वार्ड का सम्मान किया जा रहा है।समिति के अध्यक्ष राजा केवट,सैमसन जैकब आर. इजराइल , प्रशांत राव पी. डेनियल,के. डेविड के. वर्णवास आर. आनंद राव ममतल राव सत्यनारायण लक्ष्मण कोरी नागेश राव ईशा प्रसाद ने सभी क्षेत्रीय नागरिक बंधुओं से उपस्थिति की अपील की है ।

## बब्बू ने कहा भ्रष्टाचार करने वाले एआरटीओ संतोष पाल को भेजा जाए जेल

**जबलपुर,, यशभारत ।** प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री रहे हरेंद्रजीत सिंह बब्बू ने एआरटीओ संतोष पाल के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहर में चार विधायक होने के बावजूद किसी ने एआरटीओ के भ्रष्टाचार को लेकर आवाज तक नहीं उठाई। अब ईओडब्ल्यू ने करोड़ों रुपये की संपत्ति जाहिर की है इसके बाद भी नेता खामोश हैं। बब्बू ने कहा कि वे काफी समय से एआरटीओ के खिलाफ आंदोलन कर रहे थे। उस समय उन्हें भाजपा की तरफ से नोटिस भी जारी हुआ था, जिसका जवाब उन्होंने संगठन को दिया था। उन्होंने कहा कि वे भाजपा नेता नहीं बल्कि सिख समाज की तरफ से एआरटीओ के खिलाफ आंदोलन कर रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि ईओडब्ल्यू के छापे से पहले ही एआरटीओ संतोष पाल ने बेनामी संपंति का बड़ा हिस्सा आटो में भरकर ठिकाने लगा दिया है, जिसकी जांच आसपास लगे कैमरों से होनी चाहिए। हरेंद्रजीत सिंह ने कहा कि जिस तरह भ्रष्टाचार करने वाले अन्य लोगों को जेल भेजा जाता है, उसी तरह एआरटीओ संतोष पाल को भी जेल भेजा जाए।

## शैक्षणिक संस्थाओं में बच्चों को लगाये डीपीटी/टीडी के टीके

जबलपुर, यशभारत। डिप्थीरिया (गलघोंटू)-जैसी खतरनाक और जानलेवा बीमारी को खत्म करने 16 से 31 अगस्त तक चलाये जा रहे डीपीटी/टीडी टीकाकरण अभियान के तहत आज शनिवार को भी पांच, दस और सोलह वर्ष की आयु पूरी कर चुके बच्चों को शैक्षणिक संस्थाओं में डीपीटी/टीडी के टीके लगाये जा रहे हैं ।



### गोहलपुर नर्मदा नगर में वारदात

## लेन देने के विवाद पर झगड़ा, आधा दर्जन घायल

**जबलपुर यशभारत। गोहलपुर थाना अतंर्गत नर्मदा नगर में सामान लेन देन की बात पर और ठेले में बैठने से मना करने की बात पर दो पक्षों ने एक दूसरे पर वैंसची, प्लास्टिक पाईप, पत्थर की चीप व लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया। मारपीट की इस वारदात में आधादजज़्न लोग घायल हो गए, जिनमें एक महिला भी शामिल है। महिला को अधिक चोटें आ जाने के कारण उसे विक्टोरिया अस्पताल में भतीज़् कराया गया।**

गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदा नगर गोहलपुर निवासी 55 वषीज़्य सब्जी व्यापारी सुरेश सिंह का छोटा लड़का लकी ठाकुर गत रात लगभग 9-30 बजे पड़ौस की सोनू किराना दुकान पर सामान लेने गया था जहॉ सोनू किराना दुकान संचालक यज्ञनारायण गुप्ता ने सामान की लेन देन की बात पर से लकी पर कैंची से हमला कर दिया। उसके पिता सुरेश ने क्यों मारपीट किये हो कहा तो यज्ञनारायण गुप्ता, उसका छोटा भाई सोनू गुप्ता तथा उनका पिता रामानुज गुप्ता ने मारपीट कर प्लास्टिक के पाईपों से हमला कर जान से मारने की धमकी दी।

वहीं नमज़्दानगर गोहलपुर निवासी 52 वर्षीय रामानुज गुप्ता घर पर ही किराना दुकान चलाता है। गत रात लगभग 9-30 बजे घर के सामने खड़े हाथ ठेला पर पड़ौस में किराये से रहने वाले सुरेश ठाकुर के 2 लड़के बैठे थे। जिसे उसके छोटे लड़के रामनारायण गुप्ता ने ठेले पर बैठने से मना किया, तो दोनों चले गये और थोड़ी देर बाद सुरेश ठाकुर के तीनों लड़के उदय उफ्ऱ उद्दू ठाकुर, साहिल ठाकुर, लकी ठाकुर गाली गलौज करते हुये उसकी दुकान के काउण्टर पर रखा सामान उठा कर रास्ते में पैंसकने लगे, मना करने पर उदय उपज़्स उद्दू ने यज्ञनारायण उर्फ पिन्टू गुप्ता पर चीप पत्थर से हमला कर दिया और साहिल ठाकुर ने चीप पत्थर से उसकी पत्नी ज्ञानवती के सिर पर चोट पहुंचा दी। रामनारायण ने बीच बचाव किया तो लकी ठाकुर ने लोहे की रॉड से हमलाकर चोट पहुंचा दी।

पुलिस ने सुरेश सिंह की रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 506, 34 एवं 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)(व्हीए) एससी एसटी एक्ट एवं रामानुज गुप्ता की रिपोर्ट पर धारा 294, 452, 323, 324, 506, 427, 34 का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## सड़क दुर्घटना में माँ बेटा, बेटी और नातिन घायल

जबलपुर यशभारत। गोराबाजार थाना अतंर्गत बिलहरी आटा चक्की के पास दो एक्टिवा की आपस में भिडंत हो गई, जिसमें सवार माँ बेटा, बेटी और नातिन गिरकर घायल हो गई। बताया गया है कि महिला अपने पति की रिपोर्ट दर्ज कराने अपनी बेटी, बेटा और नातिन के साथ एक्टिवा में गोराबाजार थाना जा रही थी। गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नमज़्दानगर बिलहरी निवासी 37 वषीज़्य श्रीमति शीला त्रिपाठी गत रात लगभग 11-45 बजे उसका पति रोशन त्रिपाठी घर में विवाद कर रहा था, जिसकी शिकायत करने पर थाना गोराबजार अपनी बेटी रश्मि, बेटा किशन एवं बेटी नातिन मिंदाकिनी को लेकर अपनी एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एस पी 9908 से रिपोटज़् करने आ रही थी जैसे ही बिलहरी आटा चक्की के पास पहुंची, तभी एक एक्टिवा के चालक ने उसकी एक्टिवा में टक्कर मार दी, जिससे चारों एक्टिवा सहित नीचे गिरकर घायल हो गये। पुलिस ने आरोपी एक्टिवा चालक के खिलाफरिपोर्ट पर धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।




## डिफेंस में एस सी एस टी कर्मियों की समस्याओं का निदान हो

### एआईबीडीईएफ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में गहन चर्चा

**जबलपुर यशभारत** ।आल इंडिया बहुजन डिफेंस एम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक व्हीएफजे सीनियर क्लब में आयोजित की गई ।जिसमें देश भर की40आयुध निर्माणियों से पांच सौ से ज्यादा प्रतिनिधियों ने भाग लिया ।बैठक में एस सी एस टी की भर्ती प्रक्रिया के साथ अनुकंपा नियुक्ति और निगमीकरण को लेकर प्रतिनिधियों ने गहरा असंतोष जताया ।सरकार से मांग की गई कि उनकी लंबित समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाये ।इस अवसर पर फेडरेशन के चुनाव संपन्न हुए ।जिसमें अध्यक्ष अरुण नागदेवे उपाध्यक्ष सी डी पाल प्यारे लाल दिवाकर सुनिल कुमार ए कासिम सुगना राज महासचिव मुकेश जाटव सचिव राजेश जांभुलकर अनिल दास वेद प्रकाश सिंह सहित25से ज्यादा पदाधिकारी चुने गए।

# दहेज के लिए पत्नी को कमरे में 36 घंटे बंद रखा

**जबलपुर यश भारत।** पति-पत्नी का रिश्ता एक दूसरे को समझने का रहता है, सुख-दुख, परेशानियों में हमेशा एक दूसरे का साथ न छोड़ने का होता है। लेकिन जबलपुर के गोराबाजार में इस रिश्ते की परिभाषा ही बदल दी गई, एक क्रूक पति ने दहेज के लिए पत्नी को 36 घंटे तक कमरे में बंद रखा। खाना-पीने पर बंदिश लगाकर अपने मां-बाप के साथ टूर पर चला गया। गनीमत ये थी कि पीड़िता पत्नी ने कमरे में बंद होने की सूचना अपनी बहन और जीजा को दी। उन्होंने पीड़िता के घर पहुंचकर ताला तोड़ा और उस सकुशल बाहर निकाला। घटना की शिकायत पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ पहुंचकर गोराबाजार थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 33 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि उसका विवाह झाबुआ पावर प्लांट में कार्यरत योगेंद्र यादव के साथ 2021 में हुआ था शादी के बाद से ही पति और ससुर शैलेंद्र यादव लगातार प्रताड़ति कर रहे थे लेकिन वह लोक लाज के कारण सब कुछ सहती रही।



### सोते हुए कमरे में किया कैद

पीड़िता ने बताया कि आरोपी पति योगेंद्र यादव ने उसे सोते हुए कमरे में कैद कर दिया जब नींद से जागी तो देखा दरवाजा लॉक था जिसके बाद उसने फोन लगाया तो पति ने दो टूक कह दिया की हर बात बताना जरूरी नहीं है वह घबरा गई जिसकी सूचना उसने अपनी बहन और जीजा को दी जिसके बाद उसकी बहन और जीजा मौके पर पहुंचे और पीड़िता को मुक्त कराया पुलिस ने बताया कि दहेज में आरोपी पति और परिजन लाखों रुपए की डिमांड कर रहे हैं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## कैंट में बाइक सवार को कार चालक ने रौंदा




### हाथ पैरों में फैक्चर हालत नाजुक

**जबलपुर यश भारत।** कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत एंपायर चौराहे में देर रात एक युवक को अज्ञात कार चालक ने सीधी टक्कर मार दी हादसे के दौरान बाइक चालक बाइक समेत रोड से 10 फीट दूर जा गिरा हादसे में युवक के शरीर से खून की निकली पिचकारी देखकर लोग सहम गए । जिसके बाद तत्काल पीड़ित को एंबुलेंस से नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी अज्ञात कार चालक को तलाश करने में जुटी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि संदीप चढ़ार 29 साल चरगवां का निवासी है जो दोस्त की बाइक से जबलपुर आया था और देर रात लौट रहा था तभी एंपायर चौराहे पर एक बेकाबू कार चालक ने सीधी टक्कर मार दी हादसे में युवक के हाथ पैरों में अधिक चोट आई है पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज में आरोपी चालक को तलाश करने में जुटी है।

# रेल प्रशासन की तत्परता से कोच में लगी आग पर तत्काल काबू पाया

**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल में कटनी यार्ड में कंट्रोल कार्यालय को कटनी स्टेशन यार्ड स्थित पुरानी वॉशिंग पिट पर खड़े अनुपयोगी खाली कोच में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही तत्परता दिखाते हुए कण्ट्रोल कार्यालय ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड घटना स्थल पहुंची और आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। घटना स्थल पर वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त तथा रेलवे के सुपरवाइजर भी पहुंच गए। जबलपुर से फॉरेंसिक टीम भी घटना स्थल पर पहुंच गई। फॉरेंसिक टीम द्वारा घटना की जांच प्रारम्भ कर



दी गयी है। इसी तरह रेल प्रशासन ने भी घटना के कारणों की जाँच पडताल के लिए सुपरवाइजर स्तर की टीम गठित कर दी है जो बहुत जल्द अपनी रिपोर्ट देगी। इन कोचों का 01 मार्च 2022

### जाँच-पड़ताल के लिए कमेटी गठित


में आखिरी बार इस्तेमाल हुआ था तथा ये अनुपयोगी कोच लगभग 05 माह से अधिक समय से वॉशिंग पिट लाइन पर स्टेबल किए गए थे और इसके दरवाजे, खिड़की इत्यादि बंद और लॉक थे। प्रथम दृष्टया किसी असमाजिक तत्व का हाथ होने से इंकार नहीं किया जा सकता जिसके लिए जबलपुर से कटनी पहुंची फोरेंसिक टीम द्वारा जाँच की जा रही है। इस दुर्घटना की वजह से किसी भी तरह का रेल यातायात प्रभावित नहीं हुआ है और ना ही किसी तरह की कोई जनहानि हुई है।

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार द्वारा ग्राम कछपुरा नं बं 501, पहनं 25, तहसील अधारताल जिला जबलपुर के अंतर्गत स्थित खसरा नं 136/1, रकवा 0.104 हेक्ट भूमि में से 0.098 हेक. भूमि क्रय करने का सौदा सोनेलाल वल्द बुद्धुलाल पटेल, निवासी शाहीनाका, गढ़ा जबलपुर वाले से तय कर विक्रय अनुबंध पत्र के पश्चात उक्त भूमि पर रजिस्ट्री बनामा अपने पक्ष में कराने जा रहा है। यदि इसमें किसी भी व्यक्ति विशेष को अथवा किसी संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या उजर दावा हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन के एक सप्ताह के अंदर मेरे कार्यालय में प्रमाण सहित उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इसके पश्चात मेरा पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लेगा। इसके बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति अमान्य होगी।

**जबलपुर**
**18.8.2022**

**भवदीय**
**सीएल सोनी**
**एडवोकेट**
**मो 9301336600**




## संपादकीय

# स्वास्थ्य व पर्यावरणीय संकट की चुनौती

जुलाई की शुरुआत से दुधारू पशुओं को गिरफ्त में लेने वाले लंपी त्वचा रोग से निपटने में विभिन्न सरकारों ने जैसी हीला-हवाली की उसका नतीजा है कि पशुपालक किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। समय रहते इसके उपचार को गंभीरता से न लेने का ही परिणाम है कि देश के कई राज्यों के पशु इस रोग से मर रहे हैं। इतना ही नहीं, दुधाऊ पशुओं ने दूध देना कम कर दिया है। हालत यह है कि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, गुजरात व जम्मू-कश्मीर में हजारों जानवर इस रोग की चपेट में हैं। रोग की चपेट में आने वाले पशुओं में गायें ज्यादा हैं। यदि अधिकारी राज्यों की सीमाओं पर सख्ती बरतते तो इस रोग का अंतर्राज्यीय स्तर पर प्रसार न होता। फिलहाल तो डेयरी उद्योग से जुड़े किसान बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। बताते हैं कि यह रोग जहां गायों की दूध देने की क्षमता में कमी लाता है, वहीं प्रजनन क्षमता पर भी प्रतिकूल असर डालता है। वहीं दूसरी ओर हजारों मृत पशुओं के शवों का निस्तारण भी बड़ी चुनौती है। शवों का निपटान वैज्ञानिक तरीके से नहीं हो पा रहा है। कई जगह जानवरों के शव खुले में पड़े रहते हैं। घोर कुप्रबंधन का आलम यह है कि पशुपालक मरे जानवरों के शवों को नदी-नहरों में फेंक जाते हैं। बताया जाता है कि अकेले पंजाब में ही चार हजार से अधिक पशु मर चुके हैं और 75 हजार इस रोग से पीड़ित हैं। निस्संदेह, इस बड़ी चुनौती से मुकाबले को बहुकोणीय नजरिये से युद्ध स्तर पर काम करने की जरूरत है। जहां तुरंत उपचार व रोग की रोकथाम के लिये अतिरिक्त धन की मंजूरी जरूरी है, वहीं पशु चिकित्सालयों में पर्याप्त चिकित्सकों व कर्मचारियों की उपलब्धता की तत्काल आवश्यकता है। साथ ही वैकल्पिक वैक्सीन किसानों की सहज पहुंच में होनी चाहिए। पशु पालकों को जागरूक करने तथा रोग के प्रसार को रोकने के वैज्ञानिक उपायों के बारे में बताना भी जरूरी है। बहरहाल, इस संक्रामक रोग से हालात इतने बिगड़ गये हैं कि समाज में स्वास्थ्य व पर्यावरणीय संकट की चुनौती पैदा हो गई है। इस रोग के चलते चुनौतियों की एक श्रृंखला उत्पन्न हुई है। वहीं पशु चिकित्सकों की कमी से समस्या और विकट हो रही है। इस रोग से जुड़े अनुसंधान के बाद पता लगाया जाना चाहिए कि रोग की रोकथाम के लिये जो वैकल्पिक वैक्सीन दी जा रही है क्या वह स्वस्थ पशुओं को रोग से बचाने में कारगर है। दरअसल, विशेषज्ञों की सलाह के बावजूद अफवाहें फैलायी जा रही हैं कि रोग के चलते गाय का दूध पीना नुकसानदायक हो सकता है। इस बाबत समाज में प्रगतिशील सोच बनाये जाने की जरूरत भी है। साथ ही वैज्ञानिकों की आवाज को प्रभावी बनाने की भी आवश्यकता है। वहीं इस संक्रामक रोग ने पिछले एक दशक में जानवरों को दफनाने के लिये आरक्षित स्थानों को खुर्द-बुर्द करने के संकट को भी उजागर किया है। अवैध कब्जों के चलते इसमें लगातार संकुचन हुआ है। वहीं इस समस्या के विस्तार की एक वजह यह भी है कि चर्मकर्म से जुड़े लोगों का मृत पशुओं के निस्तारण में रुझान कम हुआ है। जिसकी एक वजह यह भी है कि चमड़े, हड्डियों व खुरों की बिक्री से होने वाला लाभ कम हो गया है। फलत- मृत जानवरों के शवों को उठाने के वार्षिक अनुबंध की प्रथा समाप्त होने के कगार पर है। दरअसल, इस समस्या के सभी कोणों पर विचार करना भी जरूरी है। साथ ही निवारक कदमों के साथ इस रोग से बचाव को लेकर जागरूकता फैलायी जानी चाहिए क्योंकि साल-दर-साल इस रोग का प्रसार बढ़ा है। हाल के वर्षों में लंपी स्किन डिजीज़ से रुग्णता पचास फीसदी तक बढ़ी है और मृत्यु दर भी एक से पांच फीसदी के भीतर है। ऐसे में इस रोग के खात्मे और पशुपालकों की जीविका बचाने के लिये दीर्घकालीन रणनीति पर काम करने की जरूरत है। यह रोग हर साल राज्यों की सीमाओं को पार करके कहर बरपा रहा है।

# सबको साथ लेकर चलने वाले दूरदर्शी नेता

राजीव गांधी कोई साधारण नेता नहीं थे, आज अगर वह हमारे बीच होते तो 78 वर्ष के होते। उनमें एक राष्ट्र के रूप में हमारी चुनौतियों और अवसरों को पहचानने की क्षमता थी और इसलिए जब तक ईश्वर ने उन्हें काम करने का अवसर दिया, तब तक उन्होंने अपनी पूरी ताकत व क्षमता से काम किया। हाल ही में पूरे देश ने भारत की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति के रूप में द्रौपदी मुर्मू के चुने जाने का जश्न मनाया, इसका पूरा श्रेय राजीव गांधी की दूरदर्शिता को जाता है। उन्होंने ही पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देकर सत्ता के विकेंद्रीकरण का सपना देखा था। राष्ट्रपति मुर्मू ने रायरंगपुर (ओडिशा) से पार्षद के रूप में अपना राजनैतिक सफर शुरू किया था। यह सीट आदिवासी महिलाओं के लिए आरक्षित थी और वे आज देश के सर्वोच्च पद पर पहुंचीं।



खास तौर पर राजीव जी की यह दृढ़ सोच थी कि सरकार में सहभागिता और लोकतांत्रिक प्रणाली से भारी ऊर्जा पैदा होगी और यह समाज के वंचित और कमजोर वर्गों की स्थिति में क्रांतिकारी बदलाव करेगी। पंचायती राज और नगर पालिका विधेयक समावेशी राजनीतिक विकास की दिशा में हमारे सामूहिक प्रयासों के बेहद महत्वपूर्ण पल थे और इसको आकार देने वाला कोई और नहीं, बल्कि राजीव गांधी ही थे, जिन्होंने लोक अदालतों के माध्यम से त्वरित न्याय दिलाने के प्रयासों को भी प्रमुखता से बढ़ावा दिया।

हालांकि, पंचायती राज संस्थाओं के जरिए लोगों को सशक्त बनाने का काम आसान नहीं था, फिर भी उन्होंने हार नहीं मानी। भ्रष्टाचार की दीमक को भली-भांति पहचानने वाले राजीव जी ने एक बार अपने भाषण में कहा था कि सरकार द्वारा खर्च प्रत्येक रुपये में से केवल पंद्रह पैसा ही लाभार्थी तक पहुंचता है। उन्होंने स्थानीय स्वशासन के लिए 1989 में लोकसभा में 64वां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। संसद के निचले सदन ने तो विधेयक पारित कर दिया, लेकिन उच्च सदन यानी राज्य सभा ने इसे अस्वीकार कर दिया। जमीनी स्तर पर लोगों को सशक्त बनाने का दृढ़ संकल्प लेकर उन्होंने 1991 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस के घोषणापत्र में पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने के वायदे को शामिल किया। बतौर लोकसभा सांसद मैं उस पल का गवाह हूं, जब 73वें और 74वें संविधान संशोधन अधिनियम के लागू होने पर राजीव जी का सपना पूरा हुआ, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में क्रमशः पंचायतों, त्रि-स्तरीय पंचायतों और नगर पालिकाओं को पर्याप्त शक्तियां देने, पर्याप्त फंड देने और इनमें महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित करने का फैसला लिया गया। बाकी इतिहास सबके सामने है।

यहां तक कि उनके राजनीतिक विरोधी भी इस बात को मानते हैं कि राजीव जी वास्तव में आधुनिक नेता थे और नयी सोच के प्रति ग्रहणशील थे। देश के प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने लगभग 38 साल पहले ही हमारे जीवन में प्रौद्योगिकी की बड़ी भूमिका की परिकल्पना कर ली थी। वे उच्च उत्पादकता, पारदर्शिता और सामाजिक न्याय की दिशा में तेजी से प्रगति के लिए तकनीकी के आधुनिकीकरण और उन्नयन की जरूरत को पहले ही समझ गये थे। 'विज्ञान गांव की ओर' का विचार उनके दिलो-दिमाग पर छाया था। उन्होंने न केवल कृषि के क्षेत्र में बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में प्रौद्योगिकी अपनाने की पहल की। एक प्रभावी और उत्तरदायी प्रशासनिक तंत्र स्थापित करने का दृढ़ संकल्प लिये राजीव जी कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग को प्रधानमंत्री कार्यालय के अधीन लेकर आये, जो भारत की प्रशासनिक दक्षता की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण और बड़ा कदम था। राजनैतिक पतन पर प्रभावी रोक के लिए राजीव जी 1985 में 52वां संविधान संशोधन अधिनियम लेकर आये जिसे हर कोई दलबदल विरोधी कानून के रूप में जानता है। कल्पना कीजिए कि अगर हमारे देश में दल-बदल विरोधी कानून नहीं होता तो हमारे विधायकों और सांसदों की खरीद-फरोख्त किस तरह से हो रही होती! युवाशक्ति में जबरदस्त भरोसा करने वाले राजीव जी ने मतदान की उम्र 21 से घटाकर 18 वर्ष कर मताधिकार का अधिकार देकर सशक्त बनाया। उन्होंने इस सच्चाई को हमेशा दोहराया कि देश के युवाओं को समानता, न्याय, बंधुत्व और स्वतंत्रता के सिद्धांत पर एक सामाजिक व्यवस्था बनाने के लिए सशक्त, शिक्षित और कौशल से युक्त होना चाहिए। वे भाईचारे, सहिष्णुता और सह-अस्तित्व की भावना को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक तालमेल की जरूरत के बारे में उतने ही गंभीर थे। उनकी ये गंभीरता उनकी सरकार की शिक्षा नीति में साफ तौर पर दिखाई देती थी। इसी प्रकार, उन्होंने सांस्कृतिक विविधता की रक्षा करने और उसको बढ़ावा देने के लिए सात क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र स्थापित किए। इतना ही नहीं, वे युवाओं की शिक्षा के विषय में भी काफी सोचते थे। उन्होंने देश भर में उच्च शिक्षा कार्यक्रमों के आधुनिकीकरण और विस्तार के लिए 1985 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय की स्थापना की। जवाहर नवोदय विद्यालयों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सामाजिक न्याय और संस्कृति के साथ-साथ उत्कृष्ट और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए मुफ्त आवासीय विद्यालय के जरिये हमारे बच्चों की शिक्षा में उनके महत्वपूर्ण योगदान को कोई भी कैसे भूल सकता है? मैं यहां गर्व से इस बात को कहना चाहता हूं कि देश का पहला जवाहर नवोदय विद्यालय मेरे संसदीय क्षेत्र में झज्जर जिले के एक गांव में खोला गया था। मेरे लिए यह सुखद है कि मैंने राजीव जी के बेहद करीब रहकर काम किया है। किसी को भी मंत्रमुग्ध कर देने वाले व्यक्तित्व, सम्मोहन, ऊर्जा, आकर्षण, साहस, आत्मविश्वास, अंदाज, बुद्धिमत्ता, धैर्य, गरिमा, शालीनता से सम्पन्न और सबको साथ लेकर चलने वाले राजीव जी सहमति और समाधान, भागीदारी और सूझ-बूझ के जरिये सार्वजनिक जीवन में राजनीति, अर्थव्यवस्था और नैतिकता के क्षेत्र में बदलाव का प्रतीक बने। शांति में उनका अटूट विश्वास था और उन्होंने पंजाब, असम, मिजोरम, नगालैंड और कश्मीर में शांति एवं लोकतंत्र बहाली के लिए आंदोलन और विद्रोह को खत्म कराने के लिये कड़ी मेहनत की। 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' उनकी ही परिकल्पना थी। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव काल में देश राजीव जी की दूरदर्शिता और नेतृत्व के अतुलनीय योगदान को कभी नहीं भुला सकता। उन्होंने सुशासित, शक्तिशाली और जीवंत राष्ट्र की बुनियाद रखी। सच कहें तो राजीव जी दूर की सोच रखने वाले राजनेता थे, जिनके विचार और अवधारणाएं आज भी वैश्विक महत्व रखती हैं। उनके आदर्शों पर चलकर हम अपने सपनों के भारत का निर्माण कर सकते हैं, जो बिना किसी भेदभाव और बिना किसी को छो? सभी का ख्याल रखे। एक खुशहाल, स्वस्थ और समावेशी समृद्ध भारत की दिशा में बड़ा हमारा हर कदम राजीव गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**-भूपेन्द्र सिंह हुड्डा**

# भुखमरी-कुपोषण बढ़ा गई महामारी

भोजन जीवन की आधारभूत आवश्यकता है, जिसके अभाव में जीने की कल्पना करना भी असंभव है। पर्याप्त मात्रा में इसकी उपलब्धता जितनी अनिवार्य है, उतना ही महत्वपूर्ण है सम्पूर्ण आहार के तौर पर पोषक तत्वों का समुचित समावेश। वर्ष 2019 का वर्षांत न केवल दैवीय प्रकोप के रूप में अपने साथ कोरोना महामारी लेकर आया अपितु आपातकालीन परिस्थितियों सहित वैश्विक व्यवस्थाओं को विभिन्न स्तरों पर भीषण आर्थिक मंदी का सामना भी करना पड़ा। खाद्यान्न उपलब्धता पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ना स्वाभाविक था। यूएन की 'द स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड, 2022' रिपोर्ट' बताती है कि 2019 के पश्चात विश्वभर में भुखमरी का आंकड़ा तीव्र गति से बढ़ा। जहां 2019 में विश्व के 61.8 करोड़ लोग भूख से संघर्षरत थे, वहीं 2021 में यह संख्या बढ़कर 76.8 करोड़ तक जा पहुंची। भुखमरी के आंकड़ों में विगत 15 वर्षों से अनवरत जारी बढ़ोतरी में कोरोना काल के दौरान अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई। इस संदर्भ में यद्यपि भारत की स्थिति को बेहतर आंका जा रहा है, तथापि सर्वेक्षण के अनुसार, अभी भी 22 करोड़ भारतीय लोगों को भरपेट भोजन उपलब्ध नहीं हो पाता। रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 में वैश्विक स्तर पर भुखमरी के शिकार 76.8 करोड़ लोगों में 29 प्रतिशत भारतीय थे। भुखमरी मिटाने की यह रफ्तार भले ही विकसित देशों की अपेक्षा कम अथवा पड़ोसी राष्ट्रों से बेहतर रही हो, किंतु रिपोर्ट बताती है कि 2021 में भारत की कुल 22.4 करोड़ आबादी कुपोषण का शिकार पाई गई। एक प्रकाशित सर्वेक्षणानुसार, 70.5 प्रतिशत भारतीय पोषाहार से वंचित हैं।

बड़ी संख्या में भारतीय वयस्कों के मोटापाग्रस्त होने तथा महिलाओं के एनीमिया-पीड़ित होने संबंधी विवरण भी दिया गया है। रिपोर्ट के तहत 15 से 49 आयुवर्ग के 3.4 करोड़ लोग ओवरवेट' श्रेणी में सम्मिलित हो चुके हैं। जबकि 4 वर्ष पूर्व यह संख्या 2.5 करोड़ थी। महिला रक्ताल्पता मामलों की संख्या 2019 में लगभग 17.2 करोड़ रही, जबकि 2021 में भारत की कुल 18.7 करोड़ भारतीय महिलाएं एनीमिक पाई गईं।'ग्लोबल हंगर इंडेक्स-2021'' के अनुसार, भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खाद्य उत्पादक देश है। दूध, चावल, मछली, सब्ज़ी तथा गेहूं उत्पादन में अग्रणी राष्ट्र होने तथा वैश्विक स्तर पर सबसे सस्ता पौष्टिक आहार भारत में उपलब्ध होने पर भी कुल जनसंख्या के एक-चौथाई से अधिक अंश का पोषाहार से वंचित रहना, निस्संदेह आश्चर्यजनक है। इसमें जहां व्यवस्थात्मक प्रबंधन की कमियां उजागर होती हैं, वहीं भारतीय संस्कृति के पारम्परिक आहार नियमन भी एक वजह है।भारतीय सभ्यता में अन्न को देवत्व से जोड़ा गया है। परम्परानुसार भोजन व्यर्थ गंवाना अथवा झूठा छोड़ना सर्वथा निषेध है किंतु परिवर्तित जीवनशैली के आधार पर आयोजित भव्य समारोहों में परोसे गए विविध व्यंजनों का एक बड़ा हिस्सा आस्वादन अतिरेक में कूड़ेदान के हवाले कर दिया जाता है, जो कि अनेक जरूरतमंद लोगों का क्षुधापूरक बन सकता था।आज भी सरकारी व्यवस्था का असंतोषजनक व अव्यवस्थित होना सर्वाधिक विडंबना का विषय है। जहां लाखों लोग दाने-दाने को मोहताज हैं, वहीं प्रतिवर्ष लाखों टन अनाज कुव्यवस्था की भेंट चढ़ जाता है। पोषाहार व मुफ्त अनाज आवंटन योजनाओं की विसंगति तथा सभी जरूरतमंद लोगों तक पहुंच बना पाना एक यक्ष प्रश्न है तो गुणवत्ता मूल्यांकन में अक्षरश- खरा उतरना एक संदेहास्पद विषय। अभक्ष्य आहार से क्षुधापूर्ति व गुणवत्ता रहित अथवा कम गुणवत्ता वाले अनाज से सम्पूर्ण पोषक तत्वों की आपूर्ति भला कैसे संभव है?रासायनिक खादों तथा कीटनाशकों का असीमित प्रयोग पोषक तत्वों पर प्रतिकूल प्रभाव डालने सहित अन्न की प्राकृतिक गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है। संतुलित आहार, मात्रा आदि से संबंधित अपर्याप्त जानकारी भी रक्ताल्पता जैसी स्वास्थ्यजनित समस्यायों में असामान्य वृद्धि का बड़ा कारण हैं। आवश्यक शारीरिक सक्रियता का अभाव एवं 'जंक फूड'' का बहुप्रचलन युवाओं में मोटापे की समस्या बनकर उभर रहा है। 'रेडी टू ईट'' परंपरा का अनुसरण समय व श्रम भले ही बचाता हो लेकिन इसके दूरगामी प्रभाव कुपोषण व स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं ही लेकर आते हैं। महानगरीय अतिव्यस्तता जिस जीवनशैली को आधुनिकता का पर्याय मानने लगी है, वही शारीरिक तथा मानसिक रुग्णता का कारण बन रही है। भोजन बनाना, परोसना, ग्रहण करना व बचे अन्न का सद्प्रयोग हमारे परम्परागत संस्कार हैं, इनकी अवहेलना से केवल विकार ही उत्पन्न होंगे और विकारों से आरोग्य व पोषकता की अपेक्षा कैसे व क्योंकर हो सकती है? आवश्यकतानुसार परोसना तथा मिल-बांटकर खाना ही हमारी सांस्कृतिक विलक्षणता है। वही व्यवस्था श्रेष्ठतम आंकी जा सकती है जो न केवल अन्न के मंडीकरण, भंडारण, वितरण आदि के समुचित प्रबन्धन के प्रति निष्ठापूर्वक जिम्मेवार हो बल्कि निर्धनता, बेरोजगारी, महंगाई, अज्ञानता जैसी सामाजिक समस्याओं के उन्मूलन हेतु भी संकल्पबद्ध हो ताकि देश की प्रत्येक थाली में भरपेट संतुलित भोजन मिल पाए।

**दीपिका अरोड़ा**

## आपका राशिफल 21 अगस्त

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुख-आनंद कारक समय है। अपने काम पर ध्यान दीजिए। अंधविश्वासी न बनें। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-6-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। यात्रा का योग। शुभांक-6-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-5-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-3-5

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। आर्थिक चिंताएं कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-3-5-7

## फिल्म वर्ग पहेली- 5902

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'दुनिया हसीनों का' गीत वाली बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
२. अनिल धवन, नीतूसिंह की 'अपने दिल में जगह' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मैं निकला' गीत वाली सनी देओल, अमीषा पटेल की फिल्म-३
४. करण दीवान, वैजयंती की 'दुनिया का मजा लेलो' गीत वाली फिल्म-३
५. 'किताबें बहुत सी' गीत वाली शाहरूख, काजोल, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-४
६. राजेंद्रकुमार, माला सिन्हा की 'बांसुरी बजाय के' गीत वाली फिल्म-२
९. 'मिलने से पहले' गीत वाली शरद कपूर, मुकुल आनंद, सुष्मिता की फिल्म-३
१२. विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की 'दिल ही दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'एक तो ये बैरी' गीत वाली दिलीपकुमार, शर्मिला की फिल्म-३
१६. रितिक, करीना की 'ए री रे एरी क्या है' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'आपका चेहरा' गीत वाली धर्मेन्द्र, नसीर, सोनू, पल्लवी की फिल्म-४
१८. गोविंदा, ऋषिकपूर, नीलम, मीनाक्षी की 'तेरे डैडी ने दिया' गीत वाली फिल्म-३
१९. शाहरूख, सैफ, प्रीती जिंटा की 'कुछ तो हुआ है' गीत वाली फिल्म-२,१,१,१
२३. अमिताभ, सलमान, हेमा की 'चली चली फिर चली' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'इंतहा हो गई' गीत वाली फिल्म-३

**बायें से दायें:-**

१. डिनो मारिया, बिपाशा बसु की 'जब दिल चुराए' गीत वाली फिल्म-३
३. 'ऐ हवा ये बता' गीत वाली धर्मेन्द्र, रेखा की फिल्म-३
५. सलमान, नगमा की 'चांदनी रात है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'टुट गई तड़क करके' गीत वाली नाना पाटेकर, माधुरी की फिल्म-३
८. अनिल धवन, रेहाना सुल्तान की 'दिल बेचैन रहा' गीत वाली फिल्म-२,२
९. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली संजयदत्त, सलमान खान, रवीना की फिल्म-२
१०. डैनी, विनोद मेहरा, मौसमी की 'संसार है एक' गीत वाली फिल्म-३
११. 'गाड़ी बुला रही है' गीत वाली धर्मेन्द्र हेमा की फिल्म-२
१३. जीतेन्द्र, रामेश्वरी की 'काहे बिंदिया लगाई' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'वो लड़की बहुत' गीत वाली अजय देवगन, नेहा धूपिया की फिल्म-४
२०. बॉबी, अक्षय खन्ना, अमीषा की 'दिल ने कर लिया' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'मुझे साजन के' गीत वाली अनिल, जैकी, मनीषा, माधुरी की फिल्म-२
२२. सनी, सुनील, सेलिना की 'प्यार होने लगा' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल की फिल्म-२
२७. फरदीन खान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
२८. 'लाल लाल होठों पे' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२९. फिल्म 'एलओसी' में अजय देवगन के साथ किस की जोड़ी है-२
३०. 'सोल्जर' में प्रीति का नायक?-२
३१. 'मेरे दिल का पता' गीत वाली राहुल राय, दीपक, पूजा की फिल्म-३

**फिल्म वर्ग पहेली - 5901**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ए | ल | ओ | सी | ■ | जा | नी | दु | श्म | न |
| क | ■ | म | ■ | दि | ल | ■ | श्म | ■ | गी |
| रि | श्ते | ■ | फू | ल | ■ | अ | न | जा | ना |
| श्ता | ■ | शू | ■ | वा | स्त | व | ■ | नू | ■ |
| ■ | दि | ल | ज | ले | ■ | ता | श | ■ | प्रि |
| ■ | ह्ल | ■ | ख्म | ■ | आ | र | जू | ■ | य |
| सं | गी | त | ■ | खु | शी | ■ | चा | ह | त |
| ग | ■ | ला | वा | ■ | र्वा | ■ | चा | ■ | मा |
| म | हे | श | ■ | आ | द | मी | ■ | बू | ■ |
| ■ | मा | ■ | रं | ग | ■ | ना | ग | म | णि |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## विश्व मच्छर दिवस

# मच्छरों से निजात मिलना नामुमकिन सा लगता है

**आज** विश्व मच्छर दिवस है आमतौर पर विश्व मच्छर दिवस की चर्चा ना के बराबर होती है लेकिन लाख कोशिशों के बावजूद भी मच्छरों से निजात मिलना नामुमकिन सा लगता है और यही मच्छर मलेरिया डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों को जन्म देते हैं जबलपुर शहर में भी मच्छरों की बढ़ती पैदावार एक गंभीर समस्या है हर साल करोड़ों रुपए की दवा छिड़काव के बाद भी मच्छरों की पैदावार में कोई अंतर नहीं दिखता हर साल डेंगू मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के मरीज अस्पताल पहुंचने लाचार नजर आते हैं शहर को मच्छरों से निजात दिलाना प्रशासन के सामने भी एक गंभीर चुनौती है कहने को तो मच्छर को एक छोटा सा जीव माना जाता है लेकिन किस से उत्पन्न होने वाली बीमारियां जानलेवा तक साबित होती रही हैं हर साल बारिश की पूर्व और बीच-बीच में नगर निगम के द्वारा मच्छरों को मारने वाली दवा का छिड़काव भी किया जाता है लेकिन करोड़ों रुपए खर्च करके भी मच्छरों की पैदावार में कोई अंकुश न लग पाना चिंता का विषय जरूर है वर्षों से मलेरिया की रोकथाम के लिए बाकायदा एक विभाग अभियान भी चला रहा है और एक विभाग की दादी भी है कि मलेरिया के मरीजों की संख्या में कमी आ रही है लेकिन डेंगू चिकनगुनिया और येलो फीवर जैसी बीमारियां लोगों को बीमार बना रही है । विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया भर में मच्छरों से होने वाली बीमारी डेंगू के मामलों में काफी वृद्धि हुई है और संगठन की माने तो दुनिया की 50त्न आबादी को डेंगू जैसी बीमारी होने का अंदेशा बना रहता है मच्छरों की पैदावार को रोकने के लिए प्रशासनिक स्तर पर जो कवायद होती है वह तो ठीक है लेकिन आम आदमी को भी इस मामले में सजग होना जरूरी है घर के गमलों फ्रिज और कूलर आसपास की नालियां और ऐसे स्थान जहां पर पानी का जमाव होता है यहां पर भी दवा का छिड़काव जरूरी हो जाता है तभी काफी हद तक हम मच्छरों से निजात पा सकते हैं वर्षा काल में एडीज मच्छर का प्रसार तेजी से होता है जो डेंगू जैसी घातक बीमारी फैलाता है जिस पर समय रहते ध्यान देने की जरूरत है तभी हम मच्छरों से होने वाले रोगों पर काफी हद तक नियंत्रण कर सकते हैं कहने को तो हर साल मच्छरों की रोकथाम के लिए बाकायदा अभियान चलाए जाते हैं और कहने को दवा का छिड़काव भी किया जाता है लेकिन बरसो की चल रही इस कवायद से भी मच्छरों से निजात नहीं मिल पाई है केवल जागरूकता अभियान चलाकर मच्छरों की पैदावार को रोका नहीं जा सकता इसके लिए जरूरी है कि ना केवल प्रशासन मच्छर को गंभीरता से लें बल्कि आम जनता भी मच्छरों की रोकथाम के लिए अपने स्तर पर सार्थक प्रयास करें तू शायद बहुत हद तक हम लोगों को बीमार होने से बचा सकते है तब कहीं जाकर मच्छर दिवस की सार्थकता होगी वरना जैसा चल रहा है वैसा चलता ही जाएगा नाना पाटेकर अभिनीत एक फिल्म का डायलॉग साला एक मच्छर आदमी को हिजड़ा बना देता है इन परिस्थितियों में प्रासंगिक हो जाता है क्योंकि मच्छर से जो बीमारियां फैलती है उसकी पीड़ा वही जानता है जिसे बीमारियां हो जाती हैं इसलिए जरूरी है कि आज मच्छर दिवस के मौके पर संकल्प लिया जाए कि मच्छरों के समूल नष्ट करने के लिए सार्थक कदम उठाए जाएं और लोग भी जागरूक हो वरना मच्छर दिवस तो हर साल मनाया जाता रहेगा।

**: राजू शर्मा**

## सूडोकु नवताल- 6418

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6417 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |



## विचार प्रवाह

क्रोध और अहंकार दोनों सगे भाई हैं। क्रोध अहंकार के पीछे पीछे चलता है। अपेक्षा की उपेक्षा ही क्रोध है। जिससे तुम सम्मान की, प्रेम की अपेक्षा रखते हो वे तुम्हें अपमानित करते हैं। घृणा देते हैं तो तुम्हें क्रोध आ जाता है। भगवान महावीर कहते हैं किसी से किसी भी तरह की अपेक्षा ही मत रखो तो तुम्हारी उपेक्षा कौन कर सकता है और इस तरह तुम्हें कोई क्रोध नही दिला सकता।

**-मुनिश्री तरुण सागर**

## शब्द पहेली - 7458

**बाएँ से दाएँ**

1. रोशनी-3
4. आशा, उम्मीद-2
5. एक प्रकार की बंगाली मिठाई-2,3
7. भ्रमण, घूमना-3
9. फिजूल, व्यर्थ ही-3
11. गुनाह, जुर्म-4
12. स्नान करवाना-4
14. डग, पांव, पैर-3
16. मक्खन(अंग्रेजी-3)
18. रावण, दशानन-5
19. टेलीफोन, दूरभाष-2
20. असली, शुद्ध-3

**ऊपर से नीचे**

1. वार, घात-3
2. आश्रय, पनाह-3
3. पायल की आवाज-4
4. दर्पण, शीशा-3
6. चिपकू, जलौका-2
8. स्वयं की पसंद का, स्वरुचिकर-2,3
10. हकलाना, अटक-अटक कर बोलना-5
13. पशु, जन्तु-4
14. मजार, मकबरा-2
15. कामदेव-3
16. बारिश, बरसात-3
17. धनवान, संपन्न-3

**शब्द पहेली - 7457 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जा | न | प | ह | चा | न | ■ | वा | त |
| न | ■ | ल | ■ | ल | ल | क | ■ | न |
| की | ल | ■ | बा | बा | ■ | क्ष | त्रि | य |
| ना | ■ | श | ■ | ज | ■ | ■ | का | ■ |
| थ | का | व | ट | ■ | म | स | ल | न |
| ■ | ज | ■ | ■ | स | ■ | त्य | ■ | क |
| फ | ल | क | ■ | ह | द | ■ | ऐ | ब |
| रे | ■ | म | स | ला | ■ | शे | ■ | ज |
| ब | ल | ■ | ब | ना | व | टी | प | न |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# मजबूत हुआ भोपाल से दिल्ली का हवाई कनेक्शन, पुणे उड़ान बंद होने से मायूसी

**भोपाल, यशभारत।** एयर इंडिया ने भोपाल से पुणे के बीच संचालित अपनी एक मात्र उड़ान बंद करने की घोषणा कर दी है। यह उड़ान 20 अगस्त से संचालित नहीं होगी। इसकी जगह दिल्ली रूट पर दोपहर की उड़ान शुरू की जा रही है। नई उड़ान शुरू होने के साथ ही भोपाल से दिल्ली तक का हवाई कनेक्शन सबसे मजबूत हो जाएगा। वहीं पुणे उड़ान की सुविधा छिनने पर यात्रियों ने नाराजगी प्रकट की है। भोपाल से बड़ी संख्या में छात्र, आइटी प्रोफेशनल्स आदि पुणे की यात्रा करते हैं। उड़ान बंद होने से उन्हें परेशान होना पड़ेगा। पुणे के लिए ट्रेनों में आरक्षित टिकट भी आसानी से नहीं मिलते। ट्रेन का सफर लंबा होने के कारण कई लोग विमान से जाना पसंद करते हैं। बताया जाता है कि पुणे उड़ान की स्लाट अवधि समाप्त होने के कारण कंपनी को उड़ान बंद करने का निर्णय लेना पड़ा है। एयर इंडिया ने भोपाल-पुणे उड़ान को अहमदाबाद-पुणे रूट पर चलाने का निर्णय लिया है। पुणे में एयरपोर्ट का संचालन एयरफोर्स करता है। यहां से आमतौर पर लंबी अवधि के स्लाट जारी नहीं किए जाते। एयर इंडिया के स्टेशन मैनेजर श्याम टेकाम का कहना है कि नया स्लाट मिलने के बाद उड़ान फिर से प्रारंभ की जा सकती है।


Demo Pic

## दिल्ली तक एयर कनेक्टिविटी बढ़ेगी

भोपाल से दिल्ली तक एयर कनेक्टिविटी अब बढ़ जाएगी। एयर इंडिया शनिवार से दोपहर की दिल्ली उड़ान भी शुरू कर रही है। दिल्ली तक पहले से ही चार उड़ानों का संचालन हो रहा है। इसमें से तीन इंडिगो एवं एक एयर इंडिया की है। अब कुल पांच उड़ानें हो जाएंगी। दिल्ली जाने वालों के पास सुबह को दो, दोपहर को एक एवं रात को दो उड़ानों में से किसी एक में जाने का विकल्प होगा। पुणे रूट पर भोपाल से एक मात्र उड़ान बंद करना उचित नहीं है। यात्रियों को असुविधा होगी। इस संबंध में हम उच्च प्रबंधन से चर्चा करेंगे। इंडिगो की नेटवर्क प्लानिंग टीम से भी पुणे उड़ान प्रारंभ करने का आग्रह किया जाएगा।

**- प्राची बलुआपुरी, टीम लीडर सपोर्ट भोपाल फार एयर कनेक्टिविटी**

भोपाल से पुणे तक एक उड़ान होना बहुत जरूरी है। जो उड़ान बंद की जा रही है उसमें अच्छी बुकिंग हो रही थी। कम किराये में टिकट नहीं मिलते थे फिर भी यात्री बुकिंग करते रहे क्योंकि एक ही उड़ान थी। इसे पुन: शुरू किया जाना चाहिए।

**- ओमप्रकाश रीझवानी, ट्रेवलर्स एजेंट।**

## फिल्म स्टार गोविन्दा भोपाल पहुंचे, मटकी फोड प्रतियोगिता में शामिल होंगे

**भोपाल,यशभारत।** फिल्म अभिनेता गोविन्दा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शुक्रवार को भोपाल पहुंचे। गोविन्दा 20 अगस्त को होने वाली मटकी फोड प्रतियोगिता में शामिल होंगे। श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा के भोपाल जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी सहित समिति के पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव समिति द्वारा भोपाल में मटकी फोड प्रतियोगिता के सफलतम् 17 वां वर्ष पूर्ण हो रहा है। इसी कडी में राजधानी भोपाल में प्रदेश की ऐतिहासिक एवं भव्य मटकी फो? प्रतियोगिता का आयोजन 20 अगस्त को शाम 7 बजे भगत सिंह चौराहा करोंद में आयोजित किया गया है। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 1 लाख रूपए की पुरस्कार राशि दी जायेगी। इस आयोजन में फिल्म स्टार गोविन्दा शामिल होंगे। साथ ही मंच पर वीर रस के विख्यात कवि श्री रामभदावर वीर और श्रृंगार रस की सुप्रसिद्ध कवित्री पद्यमिनी शर्मा प्रस्तुति देगी। सुमित पचौरी ने बताया कि धार्मिक उत्सव के मटकी फोड प्रतियोगिता में विदिशा, शमशाबाद, होशंगाबाद, इटारसी, रायसेन, सीहोर, छिंदवाडा जिले की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता में जनप्रतिनिधि और बडी संख्या में आमजन शामिल होंगे।

# मध्यरात्रि में प्रकट भये नंदलाला

## मंदिरों में भक्तों की उमड़ी भीड़, दही-मिश्री व पंजीरी का बंटा प्रसाद





**भोपाल,यशभारत।** राजधानी के लोग शुक्रवार को भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में रंगे रहे। सुबह छह बजे से भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर खुल गए थे। टीटी नगर टीन शेड के मां वैष्णो आदर्श नवदुर्गा मंदिर में शहर के सबसे बड़े लड्डू गोपाल का गाय के दूध से अभिषेक किया। उनको फूलों के झूले पर बैठाया गया। शिवाजी नगर श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर, इस्कान मंदिर पटेल नगर व भेल सहित शहर के सभी कृष्ण मंदिरों में दिनभर धार्मिक कार्यक्रम चलते रहे। श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। राधे-राधे, जय श्रीकृष्णा के जयकारे सुनाई दिए। इसके अलावा शहर में गोविंदाओं की टोली ने जगह जगह मटकी फोड़ी।

### सीएम ने की पूजा अर्चना

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने निवास पर पूजा की। इसके अलावा उन्होंने बरखड़ी स्थित प्राचीन श्री कृष्ण मंदिर में अहीर यादव समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में भी शिरकत की। उन्होंने कन्हैया की पूजा अर्चना कर आरती की। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का दिन आनंद, उल्लास और उत्साह का दिन है। भगवान श्रीकृष्ण ने यही संदेश दिया कि सज्जनों के लिए फूल से कोमल और दुष्टों पर वज्र से कठोर होना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण की नीति अनुसार जो भी प्रदेश की शांति व्यवस्था और सौहार्द्र से खिलवाड़ करेगा, उसके लिए राज्य सरकार वज्र से कठोर होगी। इस मौके पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, महापौर मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, पूर्व पार्षद दिनेश यादव समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

नेहरू नगर के करूणाधाम आश्रम में गुरुदेव सुदेश शाण्डिल्य महाराज के सानिध्य में रात्रि 12 बजे श्री कृष्ण भगवान के प्रकटोत्सव के बाद भगवान की महाआरती व 108 पकवान के भोग लगाया। इसके लिए मंदिर प्रांगण को सफेद, हरा, नीला रंगों से विद्युत साज-सज्जा की गई। फूल, मटकिया, माखन और बांसुरियों से से सजाया गया। जिससे पूरा माहौल कृष्ण भक्तिमय हो गया। आश्रम में केसर दूध का प्रसाद दिन भर बांटा गया। भगवान की प्रकट होने की विशेष तैयारी की जा रही जो आकर्षण का केंद्र रहा। पुराने शहर के 21 स्थानों पर मटकी फोड़ी गई। सागर की टीम ने चौक, जुमेरामी, आजाद मार्केट, लखेरापुरा सहित 21 स्थानों पर 20 फीट ऊंची बंधी मटकियां फोड़ीं। चौक बाजार स्थित श्रीजी मंदिर से श्री हरिहर महोत्सव समिति द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। जो विभिन्न मार्गों से होते हुए सोमवारा स्थित मां भवानी मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। आयोजन समिति के नितिन जैन बंटी ने बताया कि इस दौरान 21 स्थानों पर मटकी बांधी गई थीं। जिन्हे फोड़ने के लिए कृष्ण स्वरूप टेक्टर ट्राली में सवार थे। यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत हुआ।

## स्कूलों में भी मनी जन्माष्टमी

भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। बच्चों ने श्रीकृष्ण व राध बनकर नृत्य किया। बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की। पौधे लगाकर बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बच्चों ने मटकी भी फोड़ी। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे। सरस्वती विद्या मंदिर में माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली मेघा परमार ने सरस्वती विद्या मंदिर कोटरा के भैया/बहनों के साथ मनाया जन्माष्टमी पर्व मनाया। परमार ने विद्यार्थियों को विश्वकीर्ति रचने की सफलता व उनके संघर्ष की कहानी बताई। कार्यक्रम में सुधा पाराशर, लक्ष्मी गौड़ व नीलेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। सरस्वती शिशु मंदिर हर्षवर्धन नगर भोपाल विद्यालय में नन्हे बच्चों ने मनाया श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव कार्यक्रम की शुरुआत शोभा यात्रा से हुई नगर मे कृष्ण स्वरुप बनकर घोष के साथ घूमे अभिभावक एवं बच्चे नगरवासियों ने स्वागत किया। बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। अभिभावकों ने मटकी फोड़ का आनंद भी उठाया।

# मप्र के महाविद्यालयों में चलेगा हरित वसुंधरा अभियान, विद्यार्थियों को पौधारोपण के भी मिलेंगे अंक

**भोपाल,यशभारत।** युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एक पहल की जा रही है। इसके तहत इस सत्र से प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को अपने कालेज में एक पौधा लगाना होगा। इस पौधे की देखभाल भी करनी होगी। इस पौधारोपण के नंबर भी परीक्षा में जोड़े जाएंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विभाग ने इस व्यवस्था को शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके लिए राज्यस्तरीय नैक सेल द्वारा हरित वसुंधरा अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष 100 पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्रथम वर्ष के विद्यार्थी हरित दूत बनकर महाविद्यालय परिसर में एक पौधा लगाएंगे और अध्ययन काल के दौरान पौधे की देखभाल भी करेंगे। यही नहीं, कालेज छो?ने से पहले वे नए प्रथम वर्ष के किसी विद्यार्थी को पौधे को संभालने की जिम्मेदारी सौंपेंगे। महाविद्यालय अपने परिसर में एक वर्ष में कम-से-कम 100 पौधे लगवाएगा। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय छात्रों एवं कर्मचारियों को जन्मदिन, सालगिरह, पर्यावरण दिवस, पृथ्वी दिवस, जल दिवस, प्रकृति दिवस आदि विभिन्ना अवसरों पर पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।



### विद्यार्थी को ग्रीन एम्बेसडर के रूप में सम्मानित किया जाएगा

महाविद्यालय परिसर में अभियान के लिए शिक्षक को नोडल अधिकारी और एक छात्र/छात्रा को छात्र समन्वयक के रूप में नियुक्त किया जायेगा। इको क्लब गठित किया जाएगा। महाविद्यालयों में प्रभारी को नोडल अधिकारी बनाया जाएगा। हरित वसुंधरा अभियान के तहत नोडल अधिकारी द्वारा पौधे के विकास को सुनिश्चित करने, तिमाही आधार पर जीपीएस टैग किए गए फोटोग्राफ के रिकार्ड रखे जाएंगे। अधिकतम वृक्षारोपण करने और उनकी देखभाल करने वाले विद्यार्थी को अंतिम वर्ष में संस्थान के ग्रीन एम्बेसडर के रूप में सम्मानित किया जाएगा। महाविद्यालयों में हरित वसुंधरा अभियान के तहत शैक्षणिक उद्देश्य से संबंधित पौधे, औषधीय पौधे, फलदार, इंडोर प्लांट, सजावटी हैंगिंग, खुशबूदार एवं फूलों वाले विभिन्न तरह के पौधों को रोपा जाएगा।

# मप्र एथलेटिक्स के एक गुट ने संभावित नाम घोषित किए



### दूसरे के ट्रायल शनिवार से

**भोपाल,यशभारत।** सितंबर में गुजरात में होने वाले 36 राष्ट्रीय खेलों में मप्र के एथलेटिक्स टीम कितना कमाल दिखती है, यह तो आयोजन के बाद बात पता चलेगा, लेकिन टीम चयन को लेकर मप्र में सक्रिय दोनों गुट अपने अपने दावें करने पीछे नहीं हठ रहे है। दोनों ही खुद को सही बता रहे है और अपनी अपनी टीमे चयनित कर रहे है।सुरेश प्रजापति के सचिव वाले एथलेटिक्स संघ मप्र ने अपनी टीम घोषित कर दी है, वहीं एम मुरलीधरन के सचिव वाले मप्र एथलेटिक्स संघ ने अपने ट्रायल शनिवार व रविवार को टीटी नगर स्टेडियम में आयोजित किए है। इससे पहले सुरेश प्रजापति ने दावा किया था कि हमने भी टीटी नगर स्टेडियम में ट्रायल आयोजित किए थे, इसमें 90 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था। अब मुरलीधरन गुट ट्रायल आयोजित कर रहा है। देखना है इसमें कितने एथलीट शामिल होते है।

**मप्र ओलिंपिक संघ के दावा -** मप्र ओलिंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह ने पिछले दिनों राजधानी में आयोजित बैठक में कहा कि राष्ट्रीय खेलों में वहीं टीम जाएगी जिसे हम अनुमति देंगे। मप्र ओलिंपिक संघ ने सुरेश प्रजापति गुट को मान्यता दी है, वहीं एम मुरलीधरन वाले गुट को भारतीय एथलेटिक्स टीम का समर्थन प्राप्त है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में यहीं से खिलाड़ियों को प्रवेश मिलता है। मप्र खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक बीएस यादव ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में मप्र ओलिंपिक संघ ही टीम पहुंचा रहा है।

**एथलेटिक्स संघ मप्र की संभावित टीम इस प्रकार है-** अक्षय कुमार, आदित्य, अंकित तिवारी, मुकेश खपेड़, ज्ञानेश पाठक, कुलदीप, ओवेश अहमद फारुकी, हेमराज नायक, मोहित जाट, मंजीत सिराही, विजय कुमार जहांगीर, देवेंद्र सिंह, कृपाल सिंह व शशिकांत यादव।

**महिला वर्ग -** गायत्री कुमारी, नीतू प्रजापति, प्रतिभा, सुधा, रोशनी गौड़, रमा यादव, रुबी, कुसुमलता व गरिमा उइके। सीजे जायसन मैनेजर व शैलेंद्र सिंह कोच।

## शराब नीति में परिवर्तन और नए प्रारुप पर कुछ दिनों में रणनीति बन जाएगी: उमा भारती

**भोपाल,यशभारत।** मप्र के पूर्व मुख्मंत्री उमा भारती प्रदेश की शराब नीति पर एक बार फिर अपनी बात ट्वीटर पर रखी है। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में मेरी और मुख्यमंत्री शिवराज चौहान के साथ दो बैठकें हो चुकी हैं। वर्तमान शराब नीति में यथासंभव परिवर्तन तथा नई शराब नीति का प्रारूप दोनों पर कुछ ही दिनों में रणनीति बन जाएगी।उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर मध्य प्रदेश की नारी शक्ति का भोपाल में मेरा आव्हान स्थगित नहीं होगा।बाकी बातें कुछ ही दिनों में और स्पष्ट हो कर सामने आ जाएंगी किंतु 2 अक्टूबर को भोपाल में महिलाओं का कार्यक्रम यथावत रहेगा।उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की आप सभी को शुभकामनाएं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का संदेश- दूध दही खाओ, प्रभु के गुण गाओ, नशा मदिरा भगाओ।उल्लेखनीय है कि उमा भारती शराबबंदी को लेकर एक बार फिर मुखर हो उठी हैं और उन्होंने अक्टूबर में गांधी जयंती से नई शराबनीति में संशोधन और अहाते बंद करने को लेकर आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया है। उमा ने ट्वीट के जरिए यह जानकारी दी कि वह शराबबंदी की मांग को लेकर भोपाल में गांधी जयंती पर महिलाओं के साथ मार्च करेंगी।

# लापरवाह रोजगार सहायक को नहीं मिलेगा एक महीने का वेतन




**भोपाल,यशभारत।** जनपद पंचायत बैरसिया की ग्राम पंचायतों में हुए विकास कार्यों की शुक्रवार को सीइओ ऋतुराज सिंह ने समीक्षा की। उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने पर ग्राम पंचायत कोलूखेड़ी खुर्द के रोजगार सहायक ज्ञान सिंह गुर्जर का एक महीने का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही ग्राम पंचायत दमीला के सचिव सुंदरलाल वर्मा का 15 दिन और रोजगार सहायक नंदलाल गुर्जर का पांच दिन का वेतन काटने के लिए भी कहा है। वहीं बैठक में बिना कारण बताए अनुपस्थित रहे नौ सचिव और आठ रोजगार सहायकों का एक - एक दिन का वेतन काटने के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में सीइओ ने विभाग के अधिकारियों, सचिव और रोजगार सहायकों पर नाराजगी जताई और सभी रूके हुए कार्यों को समय पर पूरा करने की हिदायत दी है। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरके वर्मा, उपायुक्त विकास उमेश शर्मा सहित बैरसिया जनपद पंचायत के सहायक यंत्री, उपयंत्री उपस्थित थे।

### इन सचिव और रोजगार सहायकों पर गिरी गाज

बैठक में अनुपस्थित होने पर ग्राम पंचायत दिल्लौद के सचिव जमना प्रसाद, तरावली खुर्द के सचिव खुमान सिंह, रोजगार सहायक दिनेश मीणा, नरेला दामोदर के सचिव लालराम शर्मा, रोजगार सहायक सुरेंद्र जाट, रमपुरा बालाचौन के सचिव तुलसीराम मीणा, रोजगार सहायक श्यामलाल अहिरवार, सूरजपुरा रोजगार सहायक हेमराज सिंह, खाताखेड़ी रोजगार सहायक हमीर सिंह, मजीदगढ़ सचिव धर्मेंद्र तंवर, रोजगार सहायक वीरसिंह सोलंकी, कलारा सचिव महेश सोनी, गढ़ाखुर्द सचिव सुरेंद्र सोलंकी, रोजगार सहायक नरेंद्र सोलंकी, मनीखेड़ी पार्वती के सचिव गजेंद्र दुबे, रोजगार सहायक देवराज तंवरव और चांदासलोई के सचिव जितेंद्र सोलंकी को एक - एक दिन का वेतन नहीं दिया जाएगा।

### इन कार्यों की समीक्षा कर दिए सख्त निर्देश

बैठक में सीइओ ऋतुराज ने ग्राम पंचायतों में किए जाने वाले आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत द्वितीय एवं तृतीय किश्त जारी करने, प्रगतिरत कार्यों को जल्द पूरा करने, मनरेगा योजनांतर्गत श्रमिक नियोजन के संबंध में, स्वच्छ भारत मिशन - ग्रामीण योजनांतर्गत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, कचरा वाहन खरीद, सेग्रीगेशन शेड निर्माण, सामुदायिक स्वच्छता परिसर और अपशिष्ट जल प्रबंधन के संबंध में समीक्षा की।

## प्रदेश में अफ्रीकन स्वाइन फीवर की दस्तक, रीवा में 10 सुअरों में हुई पुष्टि

**भोपाल ,यशभारत।** लंपी स्किन डिसीज (एलएसडी) के बाद प्रदेश में अफ्रीकन स्वाइन फ्लू की दस्तक भी हो गई है। भोपाल स्थित उच्च सुरक्षा पशु अनुसंधान प्रयोगशाला (निशाद) में रीवा से भेजे गए 10 सैंपलों में शुक्रवार को इसकी पुष्टि हुई है, लेकिन पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी इस इस बारे में जानकारी नहीं होने की बात कह रहे हैं। प्रदेश में पहली बार यह बीमारी आई है। इससे संक्रमित सुअरों में ज्यादातर की मौत हो जाती हैं। सावधानी के तौर पर प्रभावित सुअरों के एक किमी के दायरे में आने वाले सभी सुअरों को मार दिया जाता है, जिससे बीमारी ब?ने नहीं पाए। इसके पहले उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, केरल, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर राज्यों में इस बीमारी से सुअरों के संक्रमित होने की पुष्टि निशाद में जांच के बाद हुई थी। यह बीमारी वायरस से फैलती है। इससे प्रभावित सुअरों को बुखार, दस्त,उल्टी, कान और पेट में लाल चकत्ते दिखाई देते हैं। बहुत ज्यादा संक्रामक होने की वजह से संपर्क में आने वाले दूसरे सुअर बहुत जल्दी इस बीमारी की चपेट में आ जाते हैं, इसलिए एक किमी के दायरे में आने वाले सुअरों को मार दिया जाता है। साथ ही 10 किमी के दायरे में बाहर से आने वाले सुअरों को रोक दिया जाता है।

# बीयू में शुरु किया गया स्टेम सेल इंजीनियरिंग बायो मेडिकल सहित कई कोर्स बंद कर दिए गए

## नैक ग्रेडिंग में शामिल होने के लिए विश्वविद्यालय कर रहा है प्रयास, कमेटियां की गई गठित

भोपाल, यशभारत। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय(बीयू) को नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल(नैक) का बी-ग्रेड मिला है। विश्वविद्यालय प्रशासन ए-ग्रेड में आने के लिए तमाम प्रयास कर रहा है, लेकिन इस बार भी यह मुश्किल लग रहा है। बीयू में पांच से सात साल पहले शुरू किए गए कई कोर्स बंद हो गए और कई बंद होने के कगार पर है। 2014 में करोड़ों रुपये खर्च कर बायो साइंस विभाग में स्टेम सेल इंजीनियरिंग की स्थापना की गई। इस सेल की स्थापना इसलिए की गई, ताकि स्टेम सेल और टिशू इंजीनियरिंग का उपयोग करके बीमारियों के बारे में विद्यार्थी जान सकें, लेकिन इस सेल की स्थापना के बाद से स्टेम सेल इंजीनियरिंग में सिर्फ 18 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया था। इस कोर्स की शुरुआत की गई, लेकिन ना तो फैकल्टी और ना ही प्रयोग के लिए कोई सुविधाएं उपलब्ध थी। इस कोर्स में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को दूसरे संस्थान से किसी तरह कोर्स कराकर पास कराया गया। ऐसा ही हाल बायो मेडिकल व सायबर इन ला सहित अन्य कोर्स का रहा। इन कोर्स में एक भी विद्यार्थी नहीं मिलने के कारण बंद कर दिया गया। वहीं बीयू के 20 से अधिक डिप्लोमा कोर्सेस में तीन साल से जीरो प्रवेश होने के कारण बंद होने के कगार पर है। बीयू ने नैक के लिए पांच सदस्यों की कमेटी गठित कर दी है। टीम विश्वविद्यालय का हर रोज निरीक्षण कर रही है।




### 20 से अधिक कोर्स में जीरो प्रवेश

बीयू में डिग्री और डिप्लोमा के 20 से अधिक कोर्स में एक भी प्रवेश नहीं हुए हैं। वहीं 17 कोर्स ऐसे हैं, जिनमें एक से छह प्रवेश आए हैं। इस सत्र में बीयू में पीजी की कुल 1795 सीटों के लिए लगभग 11 सौ आवेदन आए हैं। इनमें से 556 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए हैं। वहीं पिछले सत्र में शुरू किए नए कोर्स में भी एडमिशन नहीं हो रहे हैं।

### इन कोर्सों में तीन साल से जीरो प्रवेश

एमए अरेबिक, एमए लिंग्जेस्टिक, एमएससी लिम्नोलाजी, एमएससी बायोलाजी, एमएससी एप्लाईड जियोलाजी, एमए इतिहास में एक भी प्रवेश नहीं हुए हैं। इसी तरह डिप्लोमा में मार्डन अरबिक लैंग्वेज, ईको टूरिज्म, एनिमल रिसार्स मैनेजमेंट, बायोलाजी, लिम्नोलाजी, बायोसेफ्टी एंड बायोसिक्युरिटी, मेडिकल लैब, प्लांट टीशू कल्चर, वर्मी कम्पोस्ट टेक्नालाजी, मशरूम, रूरल डेवलपमेंट, वेब एंड ग्राफिक्स, मोबाइल एप डेवलपमेंट, बिजनेस इंटेलीजेंस, इलेक्ट्रानिक मीडिया, एनर्जी आडिट मैनेजमेंट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग कोर्स में भी जीरो प्रवेश हुए हैं।

### फैकल्टी और न इंफ्रास्टक्चर, कैसे संचालित हो कोर्स

बीयू में कई कोर्स शुरू तो कर दिए गए हैं, लेकिन न तो रेगुलर फैकल्टी है और न ही इंफ्रास्ट्रक्चर है। इसके चलते विद्यार्थी लगातार कम हो रहे हैं। किसी एक विभाग में कोर्स शुरू करने के लिए एक प्रोफेसर, दो एसोसिएट प्रोफेसर और चार असिस्टेंट प्रोफेसर होना अनिवार्य है। बीयू में 102 पदों में से 40 भरे हैं। जहां छह से सात शिक्षक होना चाहिए, वहां एक शिक्षक है, जो गिने चुने नियमित प्रोफेसर हैं, वे कमेटियों की बैठक या फिर विभाग के कार्यों में उलझे रहते हैं।

"स्टेम सेल इंजीनियरिंग, सायबर ला सहित तीन कोर्स में एक भी विद्यार्थी ने प्रवेश नहीं लिया। इस कारण बंद करना पड़ा। हालांकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत यूजी में कुछ नए आनर्स कोर्स शुरू किए गए हैं। विश्वविद्यालय को ए-ग्रेड में शामिल करने के लिए पूरा प्रयास कर रहे हैं।

**प्रो. आरजे राव, कुलपति, बीयू**


# प्रदेश में नर्सिंग कालेज खोलने के लिए अब 25 लाख लगेगी बैंक गारंटी

**भोपाल,यशभारत।** प्रदेश में नर्सिंग कालेज खोलने के लिए अब 25 लाख रुपये बैंक गारंटी देनी होगी। अभी यह 10 लाख थी। इस संबंध में शासन ने एक अगस्त से नियमों में बदलाव कर दिया है। इसका उद्देश्य यह है कि नर्सिंग कालेज पूरे मापदंड के साथ खुलें। बैंक गारंटी कम होने पर कोई भी व्यक्ति कालेज खोल लेता है, लेकिन मापदंड पूरे नहीं करता। इस वजह से गुणवत्ता प्रभावित होती है। इंडियन नर्सिंग काउंसिल के मापदंड पर खरा नहीं उतरने की वजह से प्रदेश में करीब 200 नर्सिंग कालेजों की मान्यता हाईकोर्ट के निर्देश के बाद इस साल खत्म की जा चुकी है।चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि फार्मेसी कालेज खोलने के लिए 50 लाख रुपये की बैंक गारंटी लगती है। नर्सिंग कालेज के खोलने के लिए भी इतनी ही बैंक गांरटी करने का



प्रस्ताव था, लेकिन बाद में 25 लाख करने पर सहमति बनी। आगे चलकर नर्सिंग कालेजों की गुणवत्ता में सुधार के लिए कुछ और प्रविधान करने की तैयारी है। चिकित्सा शिक्षा विभाग का यह भी प्रस्ताव है कि नर्सिंग कालेजों में पढ़ाने वाले फैकल्टी का आधार सत्यापन अनिवार्य कर दिया जाए ताकि फैकल्टी की हकीकत पता चल सके। एक फैकल्टी का नाम एक से अधिक कालेज में दर्ज है, तो पता चल जाएगा। बता दें कि प्रदेश में नर्सिंग कालेजों की गुणवत्ता पर पिछले करीब 10 साल से सवाल उठ रहे हैं।

# सुख दुख दोनों का भंडार है मनुष्य के अंदर



**पनागर, यशभारत।** इंसान की आदत ही है वेबजह बीमार रहने की क्योंकि वह अनावश्यक चिन्ता और बातों में अपने समय को व्यतीत करता रहता है।हर घर और व्यक्ति में आज यह समस्या बनी हुई है।इंसान धर्म ध्यान के भावों को छोडकर दुनिया भर की चिंताओं में लगे रहते हैं ।ऐसे ऐसे परिणाम और विचार उनके मन मे निरन्तर चलते रहते हैं जिनका कोई भी प्रयोजन उनसे नहीं रहता।दूसरों की खुशियां और वैभव देखकर ही हम दु:खी होते रहते हैं।सुख उसका नाम है जो हमारे भीतर है।हम बाहर में ही उलझे रहेंगे तो कभी सुख नहीं मिलने वाला।अत: बाहर की बातों में न उलझते हुए अपने अंदर और अंतर में देखना चाहिए।हमारे अंदर ही सुख का भंडार है और दुख का भी।हम जो चाहें वह ले सकते हैं।
उक्त उद्गार अर्हम योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्य सागरजी महाराज ने शांति कथा के अंतर्गत पनागर में व्यक्त किये।
आगे मुनिश्री ने कहा –जो व्यक्ति जितना बडा होता वह उतना ही सुखी होता है।आकुलता से रहित होता है ,अनाकुलता में ही सुख मिलता है इसलिय हमे छोटी छोटी बातों आकुलित नहीं होना चाहिए।पनागर में चातुर्मास हेतु विराजित संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्य सागर जी और मुनिश्री चंद्रसागर जी महाराज के सानिध्य में प्रतिदिन अनेक धार्मिक आयोजन चल रहे हैं जिनके अंतर्गत प्रात: 8.30 पर प्रवचन के उपरांत 9.30 बजे से अर्हम ध्यान का अभ्यास मुनिश्रेष्ठ द्वारा कराया जा रहा है। सांध्य 6 बजे अन्तरगूँज कार्यक्रम में मुनिश्री द्वारा रचित भजनों के गान में बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हो रहे हैं। समस्त आयोजनों में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील प्रबंधकारिणी सभा के पदाधिकारियों ने की है।आज के कार्यक्रम में जयपुर से व्रती डी सी जैन,व्रती प्रकाश जी जैन,तथा फिरोजपुर पंजाब से व्रती संजय जैन ने उपस्थित होकर गुरुचरणों की पूजन की।

## जायंट्स ग्रुप जबलपुर का 45 वाँ स्थापना दिवस

# सेवा हमारा धर्म, सेवा हमारा कर्म को आत्मसात कर समाजसेवा में सदा अग्रणी संस्था : सी के मोदी



जबलपुर,यशभारत। जायंट्स ग्रुप जबलपुर का 45 वा स्थापना दिवस समारोह विगत 16 अगस्त 2022 मंगलवार को समदडिया इन होटल में नव निर्वाचित महापौर जगत बहादुर सिंह च्अन्नूज्ज के मुख्य आतिथ्य में धूमधाम से सानंद संपन्न हुआ।उक्त समारोह में विशिष्ठ अतिथि के रूप में इंदौर से पधारे जायंट्स फेडरेशन सेवन के अध्यक्ष गोविन्द गोयल ,जायंट्स ग्रुप जबलपुर के संस्थापक अध्यक्ष नाना भाई संघवी, भूतपूर्व अध्यक्ष फोरम के अध्यक्ष संतोष पटेल ,जायंट्स ग्रुप जबलपुर के अध्यक्ष इंजी. चन्द्र किशोर मोदी ( समारोह अध्यक्ष) तथा ग्रुप के प्रशासन संचालक आर पी सोनी मंचासीन रहे।समारोह का प्रारंभ दीप प्रज्वलन जायंट्स प्रार्थना से हुआ।समारोह अध्यक्ष जायंट्स इंजी चन्द्र किशोर मोदी ने अपने स्वागत भाषण में अपने विचार व्यक्त किए।तत्पश्चात प्रशासन संचालक आर पी सोनी द्वारा ग्रुप की पूर्व मे की गई , गतिविधियों प्रोजेक्टों से संबंधित जानकारी दी गई। अरविंद पटेल ( पूर्व अध्यक्ष) द्वारा जायंट्स से संबंधित जानकारी दी गई। नए सदस्यों को शपथ संतोष पटेल द्वारा दिलाई गई।इस अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल माध्यमिक शाला कछपुरा, जबलपुर के व्यवस्थापक जी पी पटेल को शाला के निर्धन बच्चों को स्टेशनरी हेतु चेक प्रदाय किया गया।साथ ही गायत्री संस्कार शाला के दस निर्धन बच्चों को शिक्षण शुल्क का चेक शाला प्रभारी प्रमोद राय को प्रदाय किया गया। समय निष्ठा के दो पुरुस्कार सम्मानीय सदस्यों को प्रदान किए गए। ग्रुप के सम्मानीय सदस्यों की मेधावी बच्चियों को अभिनंदन पत्र प्रदत्त किए गए।फेडरेशन अध्यक्ष गोविंद गोयल ,संस्थापक अध्यक्ष नाना भाई संघवी तथा भूतपूर्व अध्यक्ष फोरम के अध्यक्ष संतोष पटेल को स्मृति चिन्ह प्रदाय कर सम्मानित किया गया।एक करोड़ पौधे रोपने हेतु संकल्पित तथा पंच तत्व फाउंडेशन की संस्थापक सुश्री शिप्रा पाठक को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सुश्री पाठक ने अपने विचार भी व्यक्त किए। मुख्य अतिथि के रूप मंचसीन श्री गोयल भाई , संतोष पटेल एवम नाना भाई संघवी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।जायंट्स फेडरेशन ऑफिसर श्रीमती मीना पटेल, फेडरेशन की डॉक्टर श्रीमती मल्होत्रा, दिलीप तलरेजा, प्रबंधक गोरखपुर गुरुद्वारा आर एस छाबड़ा का सम्मान ग्रुप के सदस्यों द्वाराज्रोज स्टिक से किया गया।समारोह का सफल 1 कुशल संचालन श्री चरन जीत सिंघ अरोरा जी ने तथा शरद नेमा ने अपने अंदाज में किया। वित्त संचालक बसंत चेलानी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस समारोह को सफल बनाने में मुख्य रूप से अशोक द्विवेदी, हेमंत खंपरिया, प्रवीण करेचा, तेजेंदर सिंहज्मोनूज्, कुरेशी भाई का सराहनीय सहयोग रहा।

# आज़ादी

इस अमूल्य आजादी का, तुम ऐसे न अपमान करो
15 अगस्त को तिरंगा लेकर, 16 को ना बर्बाद करो

ऐ वतन तुझको नमन, ये दिल की मेरी आवाज है
हो जाऊं कुर्बान सदके , मुझको ये आभास है ।।

किया नही कुछ तेरे लिए, पर एक दिन कुछ कर जाऊँगा
मैं लौट के न वापस आऊँगा मैं याद सभी को आऊँगा

फिर भगत सिंह किसी सुभाष को, यह देश मेरा पुकार रहा
हर दिन लुटती बहू-बेटियां, देश मेरा चित्कार रहा

हर मजहब के लोगो ने मिलकर, भारत देश बनाया है
इसको आजाद करने को लेकर, सबने खून बहाया है

इस आजादी की कीमत का, कुछ तो तुम सम्मान करो
अगर कुछ नहीं कर सकते तो, अपना दूषित मुँह ही बंद करो

वीरों ने अपने ऊष्ण लहू का कतरा-कतरा गंवाया है
तब जाकर के हमने, 1947 को आजादी पाया है

इस अमूल्य आजादी का, तुम ऐसे न अपमान करो
15 अगस्त को तिरंगा लेकर, 16 को ना बर्बाद करो

हे भारत के देशद्रोहियों कुछ तो दिल मे मान भरो,
ऐसे ना किसी देश धर्म का तुम तो गुणगान करो

कुछ इसी देश मे रहकर, इसी मुल्क का खा रहे
इसी देश को जख्मी करके, कुछ अपना राग अलाप रहे

भारत माँ के सच्चे बेटे, सरहद पर है घूम रहे
दो शब्दों का ज्ञान नही है जिनको, वे संसद- संसद घूम रहे

धीरे धीरे मेरा भारत विश्वगुरु बन जायेगा,
सम्पूर्ण विश्व मे हमारा तिरंगा ही लहरायेगा !

इस देश को हमने देश नही च्माँज्ज माना है, एक दिन मुझको भी अपनी माँ
के पास जाना है, कुछ ऐसा कर जाना है, कुछ ऐसा कर जाना है द्यद्य

इस अमूल्य आजादी का, तुम ऐसे न अपमान करो
15 अगस्त को तिरंगा लेकर, 16 को ना बर्बाद करो।।।

-आकाश सिंह राठौर- मुसाफिर

# धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव



### श्री कृष्ण और राधा के रूप में सजे बच्चों ने मन मोहा

**बेलखाडू, यशभारत।** बेलखाडू एवं आस पास के ग्रामो में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। जन्माष्टमी पर्व मे हर जगह उत्साह का माहौल दिखा। सुबह से ही श्रद्धालु भक्तजनों ने भगवान श्री कृष्ण का पूजन अर्चन किया एवं दिनभर उपवास रखा तथा रात को धूमधाम के साथ भगवान श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर ग्रामों में जगह जगह मटकी फोड़ प्रतियोगिता का कार्यक्रम रखा गया एवं कई नन्हे मुन्ने बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण राधा रूपी वेशभूषा धारण की एवं कई ग्रामों मे धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया।

# 1 सितंबर से ग्वालियर-बीना- के मध्य अनारक्षित स्पेशल ट्रेन की सेवा बहाल

जबलपुर यश भारत। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए1 सितंबर से आगामी सूचना तक ग्वालियर-बीना-ग्वालियर के मध्य अनारक्षित गाड़ी संख्या 01884/01883 ग्वालियर-बीना-ग्वालियर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन की सेवा बहाल करने का निर्णय लिया गया है। ग्वालियर-गुना-ग्वालियर के मध्य चल रही गाड़ी संख्या 01884/01883 ग्वालियर-गुना-ग्वालियर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 01.09.2022 से ग्वालियर-बीना-ग्वालियर के मध्य चलेगी।01884 ग्वालियर-बीना अनारक्षित स्पेशल ट्रेन दिनांक 01.09.2022 से आगामी सूचना तक प्रतिदिन ग्वालियर स्टेशन से 08.20 बजे प्रस्थान कर, 10.45 बजे शिवपुरी पहुँचकर, 10.50 बजे शिवपुरी से प्रस्थान कर, 13.25 बजे गुना पहुँचकर, 13.45 बजे गुना से प्रस्थान कर, 14.48 बजे अशोकनगर पहुँचकर, 14.50 बजे अशोकनगर से प्रस्थान कर, 17.30 बजे बीना स्टेशन पहुँचेगी।इसी प्रकार वापसी में गाडी संख्या 01883 बीना-ग्वालियर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन दिनांक 02.09.2022 से आगामी सूचना तक प्रतिदिन बीना स्टेशन से 11.20 बजे प्रस्थान कर, 13.20 बजे अशोकनगर पहुँचकर, 13.22 बजे अशोकनगर से प्रस्थान कर, 14.40 बजे गुना पहुँचकर, 15.00 बजे गुना से प्रस्थान कर, 17.27 बजे शिवपुरी पहुँचकर,17.32 बजे शिवपुरी से प्रस्थान कर, 22.35 बजे ग्वालियर स्टेशन पहुँचेगी। रास्ते में यह गाडी दोनों दिशाओं में पनिहार, घाटीगांव, रेंहट, मोहाना, पाडरखेडा, खजरी, शिवपुरी, खोंकर, कोलारस, लुकवासा, बदरवास, रायसर, म्याना, तरावटा, गुना, माबन, पगारा, पीलीघाट, शाडोरागांव, रातीखेडा, अशोकनगर, हिनोता पीपलखेडा, ओर, रेंहटवास, पिपरईगांव, गुनेरुबामोरी, मुंगावली, कंजिया, सेमरखेडी एवं महादेवखेडी स्टेशनों पर रुकेगी।

# दो दिवसीय जिला अंतरशालेय कुराश प्रतियोगिता आयोजित

**जबलपुर,यशभारत।** जिला शिक्षा विभाग द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय अंतर शालेय कुराश प्रतियोगिता सी.एम.राइज शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरेला में सम्पन्न की गई ।प्रतियोगिता के समापन अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अपूर्वा किलेदार, देवेंद्र कुमार गुप्ता प्राचार्य सी.एम. राइस स्कूल बरेला,मयंक साहू संचालक निशुल्क कोचिंग क्लासेस, राजकुमार परोहा वरिष्ठ शिक्षक, अंतरराष्ट्रीय मार्शल आर्ट प्रशिक्षक राजकुमार यादव की उपस्थिति में किया गया। जिला अंतर शालेय कुराश प्रतियोगिता में जबलपुर शहर के भिन्न-भिन्न स्कूल के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर अपनी अपनी आयु व वजन वर्ग में भाग लेकर पदक अर्जित करने में सफल रहे । विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी माह आयोजित होने जा रही सम्भाग स्तरीय शालेय कुराश प्रतियोगिता के लिए किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल मुख्य रूप से जयराज चौधरी, शशांक सिंह ठाकुर , विक्रम राजपूत, सुमित ठाकुर, हर्ष विश्वकर्मा , पीयूष सोनकर, शिवानी बेन, कृष्ण कुमार सराठे ने अपनी भूमिका निभाई। दो दिवसीय जिला अंतर शालेय कुराश प्रतियोगिता में के 9 स्कूलों के के 135 खिलाड़ियों ने भाग लिया व अपनी जीत सुनिश्चित की और इस प्रतियोगिता में अंडर 14 ,अंडर17, अंडर19 के सभी आयु वर्ग के बच्चों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया । जो खिलाड़ी प्रतियोगिता में विजय हुए वह आगे संभागीय प्रतियोगिता में भाग लेकर जबलपुर जिले का नेतृत्व करेंगे। जिला अंतर शालेय कुराश प्रतियोगिता में सी.एम.राइज शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरेला ने सर्वाधिक पदक अर्जित कर विजेता का खिताब अपने नाम करते हुए प्रथम ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, द्वितीय स्थान पर गुरुकुल स्कूल गढ़ा, तृतीय आदित्य कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल दमोह नाका, चतुर्थ अजय सत्य प्रकाश स्कूल पनागर ने अपनी जीत दर्ज की।

# कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म जयंती मना कर किया भाजपा ने किया उन्हें याद



**गाडरवारा( यश भारत )** ।भारतीय जनता पार्टी मण्डल गाडरवारा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सभी वरिष्ठजनो व कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय ठाकरे जी के चित्र पर माल्यार्पण और तिलक वंदन कर उन्हें स्मरण किया उनके द्वारा संगठन के लिए किए गए महत्वपूर्ण त्याग व महत्वपूर्ण संघर्षशील कार्यों की चर्चा हुई अनूप जैन घनश्याम राजपूत नगरपालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा(राजू भैया) ने अनेक स्मृतियों के माध्यम से उनके श्रेष्ठतम कार्यों को कार्यकर्ताओं के बीच रखा और कहा हम सब कार्यकर्ताओं को उनके बारे में प ?ना चाहिए आत्मचिंतन करते हुए उनके जीवन के उतार च ?ाव विषम परिस्थितियों में भी सफलता के मार्ग को प्रसस्त करने की योजना एवं सिद्धांतों को आत्मसाध करना चाहिए महल के कंगूरे बनने की बजाय नींव का पत्थर बनना बेहतर होता है इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री हरिशंकर कुशवाहा नवनिर्वाचित नपा उपाध्यक्ष प्र रीतेश राय पार्षद शुभम सुनील राजपूत पार्षद चंचल कोरी पार्षद श्रीकांत राय पार्षद जितेंद्र जायसवाल पार्षद प्र सौरभ पटैल पार्षद प्र कमलेश विश्वकर्मा पार्षद रोहित ठाकुर पार्षद प्र सतीश कौरव भाजपा महामंत्री अमृतांशु कोरी उपाध्यक्ष श्रीमति रीना चौधरी मंत्री दीपक दुबे शाहिद खान जैकी नीरस भाजपा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष आशीष राजपूत कमलेश महाराज कपिल दुबे रमांक रावत सुनील तिवारी वीरेंद्र कौरव सहित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ता वंधु मंडल पदाधिकारी गण मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए कार्यक्रम में मंच संचालन मंडल महामंत्री शैलेष पटेल द्वारा और आभार मंडल उपाध्यक्ष सोनू पटेल द्वारा किया गया।



# सेनानियों पर केंद्रित चित्र प्रदर्शनी 22 एवं 23 अगस्त को

जबलपुर, यशभारत। स्वाधीनता आंदोलन पर आधारित भारत की आजादी से जुड़े सेनानियों पर केंद्रित एक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन 22 और 23 अगस्त को किया जा रहा है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा रांझी महिला महाविद्यालय परिसर में आयोजित यह प्रदर्शनी लगाई जा रही है। प्रदर्शनी प्रात: 11:00 बजे से सायं 7:00 बजे तक आम जनता के लिए अवलोकनार्थ खुली रहेगी पूरे। राष्ट्र में ही नहीं विश्व में भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अमर शहीदों को याद करते हुए एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया जा रहा है। इसी सिलसिले में यह प्रदर्शनी छात्र-छात्राओं एवं आमजन के लिए आयोजित की जा रही है। जिसका उद्देश्य है कि आजादी से जुड़े वीर सेनानियों के बारे में लोग जानकारी प्राप्त करें और उन्हें अपनी श्रद्धांजलि प्रदान कर सकें। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के लिए रोचक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं, इस दौरान एक झंडा रैली भी निकाली जाएगी व कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर संगोष्ठी में नगर के प्रसिद्ध इतिहासविद डा. आनंद राणा आजादी से जुड़े जबलपुर क्षेत्र के गुमनाम शहीदों पर प्रकाश डालेंगे और युवा छात्र छात्राओं को आजादी के इस अमृत महोत्सव के महत्व पर जानकारी प्रदान करेंगे । कार्यक्रम में ब ?ी संख्या में छात्र-छात्राओं से उपस्थित रहने की सहायक निदेशक केंद्रीय संचार ब्यूरो जबलपुर ने अपील भी की है।



# श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई निकाला जुलूस



पनागर, यशभारत। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पनागर में धूमधाम से मनाई गई जगह जगह मटकी फो? आयोजन किये गए यादव समाज द्वारा अभिमन्यु चौक में श्रीकृष्ण जी भगवान को स्थापित कर पूजन किया जाता है जन्माष्टमी को जुलूस अभिमन्यु चौक से पथरिया रोड होकर थाने मार्ग से बस स्टैंड होकर अभिमन्यु चौक जुलूस आया फिर महाआरती की गई आयोजक गोरेलाल यादव ने बताया हर वर्ष श्रीकृष्ण जी का पूजन किया जाता है समाज के सभी लोग जिले से एकत्रित होते है जुलूस में शामिल प्रदीप पटेल अध्यक्ष नगर पालिका,उपाध्यक्ष महेंद्र चक्रवर्ती,रजनी यादव,भूपेंद्र यादव,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भारत सिंह यादव,विनोद श्रीवास्तव,विजय यादव,गोविंद यादव,रणजीत यादव,जिला पंचायत सदस्य इंद्र कुमार पटेल,दिलीप पटेल,दशरथ यादव,संकु यादव,राजू यादव,विमल यादव,भगवत यादव,बलराम यादव,जुगल यादव,रम्मू यादव,रुद्र यादव, प्रदीप नायक पूर्व पार्षद,रोहित यादव पार्षद,पप्पू गौतम,पदम मोदी,बेडी लाल कुशवाहा,बहादुर राय, तुलसीराम कुशवाहा,मुन्ना शर्मा,रीतेश नायक,रोशन तिवारी,के के कुशवाहा,प्रदीप गौतम,आदि अनेक जन उपस्थित रहे।

# लटेरी कांड के विरोध में हथियार जमा किये

## न्यायिक जांच एवं वनपाल को रिहा करने की मांग



गाडरवारा(यश भारत) वन परिक्षेत्र गाडरवारा अन्तर्गत वनसुरक्षा कार्य हेतु शासकीय बंदूक प्राप्त हुई थी। हाल ही में लटेरी वन परिक्षेत्र में वनसुरक्षा के दौरान आत्मरक्षार्थ गोली चालान में वन कर्मियों पर एफ.आई.आर. दर्ज हुई है। जिसके विरोध में म.प्र. वन कर्मचारी संघ, नरसिंहपुर (म.प्र.) एवं स्टेट फारेस्ट रेंजर आफीसर्स (राजपत्रित) एसोसिएशन (म.प्र.) के आव्हान पर वनकर्मचारियों को आवंटित वनसुरक्षा हेतु प्राप्त शासकीय बंदूक मय कारतूस के आज दिनांक 18.08.2022 को परिक्षेत्र कार्यालय गाडरवारा में की गई एवं मांग गई कि-- घटना की न्यायिक जांच की जाकर गिरफ्तार किये कि वनपाल श्री निर्मल अहिरवार को तत्काल रिहा किया जावें वनकर्मचारियों को सुरक्षा बल का दर्जा दिया जावें म.प्र. शासन के द्वारा मुठभे? में मारे गये आरोपी के परिवार 25 लाख रू. आर्थिक सहायता एवं परिवार के 01 सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की गई है जो वन कर्मचारियों का मनोबल तो?ने वाली है। म.प्र.शासन के सरकुलर के अनुसार गोली चालान के प्रकरण में न्यायिक जांच होने के उपरांत ही पुलिस को संज्ञान लेने के प्रावधान है परन्तु इस प्रकरण में उनका पालन नही किया गया। इसलिए न्यायिक जांच के उपरांत ही प्रकरण में आगामी कोई कार्यवाही सरकार द्वारा की जाना चाहिए। 5. सरकार के द्वारा वन कर्मचारियों वनसुरक्षा हेतु हथियार दिये गये है परन्तु चलाने पर जेल जाना प?ता है। अत: ये दिखावें के हथियार वनकर्मचारियों के द्वारा जमा कर दिये गये। इस प्रकार लटेरी की घटना से वनकर्मचारियों में रोष व्याप्त है एवं उनका मनोबल टूट रहा है। म.प्र. राज्य स्तर पर हर जिले में हथियार जमा करने की कार्यवाही की जा रही है। आरोपी को ईनाम और रक्षकों को सजा, शासन के इस दोहरे मापदंड व्यथित होकर वनकर्मचारी विरोध करने की आगे की कार्यवाही रूपरेखा बना रहे है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि शासन के द्वारा इस बावत् उचित कार्यवाही नही की जाती है तो उनका विरोध सतत् रूप से चलता रहेगा एवं और उग्र प्रदर्शन एवं ह?ताल करने के लिए बाध्य होगें।

# कुंडम में कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई



कुंडम, यशभारत। जन्माष्टमी के पावन पर्व पर प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी के तत्वाधान में द्वारिका नगरी कुंडम में बहुत हर्षोल्लास से जन्माष्टमी मनाई गई जिसमें सभी ग्रामवासीयो ने उमंग उत्साह से भाग लिए जिसमे जनपद सदस्य श्रीमती रेखा मिश्रा बीके ऊषा बीके रत्ना एवं ग्राम के समस्त गणमान्य लोग उपस्थित थे जिसमें श्री कृष्ण जन्म लीला एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिता रखी गई साथ ही बीके रत्ना बहन के द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी का अध्यात्मिक रहस्य बताया गया एवम सभी के द्वारा रास किया गया इसके तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया.

# आन, बान, शान से लहराया तिरंगा

नरसिंहपुर यभाप्र। देश की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आजादी के अमृत महोत्सव पर जिले में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, गरिमा एवं उत्साह से मनाया गया। जिला मुख्यालय के स्टेडियम ग्राउन्ड पर आयोजित मुख्य समारोह में प्रदेश के वन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात डॉ. शाह ने समृद्धि के प्रतीक रंगीन गुब्बारों को आकाश में छोड़ा।
इस अवसर पर बैंड द्वारा जन- गण- मन की धुन प्रस्तुत की गई। परेड कमाण्डर द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात प्रभारी मंत्री श्री शाह ने कलेक्टर रोहित सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव के साथ परेड का निरीक्षण किया। तत्पश्चात उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संदेश का वाचन किया। प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश के वाचन के पश्चात परेड दलों द्वारा जयघोष एवं हर्षफायर किया गया। समारोह में विशेष सशस्त्र बल 6 वीं बटालियन, जिला पुलिस बल, जिला महिला पुलिस बल, जिला होमगार्ड बल, एनसीसी सीनियर डिवीजन एमआईएमटी कॉलेज, एनसीसी जूनियर डिवीजन उत्कृष्ट विद्यालयए स्काउट गाइड गर्ल्स शासकीय एमएलबी कउमावि के छात्र-छात्राओं के विभिन्न दलों के सदस्यों की संयुक्त परेड द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर मध्यप्रदेश गान हुआ। इस मौके पर बारिश की रिमझिम फुहारों के बीच विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई हासे स्कूल नरसिंहपुर की छात्राओं द्वारा भारत के शहीद कहते थे भैया वंदे मातरम् ओ भैया वंदे मातरम, हां हां रे लहराके तिरंगा अमृत महोत्सव मनाओ, गीतों पर नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी गई। चावरा विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने मिले सुर मेरा तुम्हारा तो सुर बने हमारा, हम भारत वाले हैं, गीतों पर नृत्य की अनुपम प्रस्तुति दी। सरस्वती शिशु उमावि नरसिंहपुर के विद्यर्थियों ने अमर रहे आजादी का दिन गीत खुशी के गाएं, भारत माता के चरणों में अपना शीश नवायें, लहरा लो तिरंगा प्यारा रे...लहरा लो... गीतों पर नृत्य की मनोरम प्रस्तुति दी। सीएम राइज स्कूल नरसिंहपुर के छात्र- छात्राओं द्वारा मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों की कला संस्कृति पर आधरित विभिन्न गीतों एवं लोकगीतों पर नृत्य की खूबसूरत प्रस्तुति दी गई। इस दौरान विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य प्रस्तुत कर शासन की प्राथमिकताओं वाले अंकुर अभियान, स्वच्छता अभियान, कुसुम योजना, कोविड टीकाकरण महाअभियान के बारे में दर्शाया गया। इन छात्र- छात्राओं ने भारत की संस्कृति के विभिन्न रंग नृत्य में प्रस्तुत किये। कारमेल स्कूल करेली के विद्यार्थियों ने बैंड का शानदार प्रदर्शन किया।

**उत्कृष्ट परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रम पुरस्कृत**

स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. शाह द्वारा उत्कृष्ट परेड के लिए जिला महिला पुलिस बल और छात्र दल में संयुक्त रूप से एनसीसी सीनियर डिवीजन एमआईएमटी कॉलेज एवं एनसीसी जूनियर डिवीजन उत्कृष्ट विद्यालय को प्रथम पुरस्कार दिया गया। साथ ही उत्कृष्ट बैंड प्रदर्शन के लिए कारमेल स्कूल करेली को पुरस्कृत किया गया। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शानदार प्रस्तुति के लिये सीएम राइज स्कूल नरसिंहपुर को प्रथम, चावरा विद्यापीठ नरसिंहपुर को द्वतीय, शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई हासे स्कूल नरसिंहपुर को तृतीय पुरस्कार दिया गया। साथ ही सरस्वती उमावि नरसिंहपुर को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी- कर्मचारी पुरस्कृत**

मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 82 अधिकारी- कर्मचारियों, व्यक्तियों, छात्र- छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, शील्ड




# एशिया कप 2022 के लिए हुआ सभी टीमों के स्क्वॉड का ऐलान

## पूरा शेड्यूल, मैच टाइमिंग और लाइव स्ट्रीमिंग डिटेल

नई दिल्ली, एजेंसी। एशिया कप 2022 का आगाज यूएई में 27 अगस्त से होने जा रहा है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच होगा, वहीं भारत अपने अभियान का आगाज 28 अगस्त को चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ खेलकर करेगा। एशिया कप के 15वें संस्करण की मेजबानी श्रीलंका को मिली थी, मगर देश में चल रहे आर्थिक संकट को देखते हुए बोर्ड ने अपने हाथ पीछे खींच लिए।इस बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में इस साल भारत के अलावा कुल 6 टीमें हिस्सा ले रही है जिसमें पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान की टीम शामिल हैं। एक अन्य टीम क्वालीफायर राउंड पर कर इन टीमों के साथ जुड़ेगी। इन टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए में भारत और पाकिस्तान के साथ क्वालीफाई करने वाली टीम होगी, वहीं ग्रुप बी में श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान हैं।

### एशिया कप के लिए सभी टीमों का स्क्वॉड इस प्रकार है




**भारत** – रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, दीपक हुड्डा, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, अवेश खान।

**पाकिस्तान** – बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, आसिफ अली, फखर जमान, हैदर अली, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, खुशदिल शाह, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी, शाहनवाज दहानी, उस्मान कादिर।

**अफगानिस्तान**– मोहम्मद नबी (कप्तान), नजीबुल्लाह जादरान (उपकप्तान), अफसर जजई (विकेटकीपर), अजमतुल्लाह ओमरजई, फरीद अहमद मलिक, फजल हक फारूकी, हशमतुल्ला शाहिदी, हजरतुल्लाह जजई, इब्राहिम जादरान, करीम जनत, मुजीब उर रहमान, नजीबुल्लाह जादरान, नूर अहमद, नजीबुल्ला जादरान, नूर अहमद रहमानुल्ला गुरबाज, राशिद खान, समीउल्लाह शिनवारी। रिजर्व खिलाड़ी– निजात मसूद, कैस अहमद, शराफुद्दीन अशरफ।

**बांग्लादेश**–शाकिब अल हसन (कप्तान), अनामुल हक, मुशफ़िकुर रहीम, अफिक मोसद्देक हुसैन, महमुदउल्लाह रियाद, महेदी हसन, मोहम्मद सैफ़ुद्दीन, हसन महमूद, मुस्ताफ़िज़ुर रहमान, नासुम अहमद, शब्बीर रहमान, महेदी हसन मिराज, इबादत हुसैन, परवेज हुसैन इमॉन, नुरुल हसन सोहन, तस्कीन अहमद। कगिसो रबाडा का टेस्ट क्रिकेट में कहर, डेल स्टेन के बाद ऐसा करने वाले बने दुनिया के दूसरे गेंदबाज

**श्रीलंका**– दासुन शनाका (कप्तान), धनुषका गुणथिलका, पथुम निसंका, कुसल मेंडिस, चरित असलंका, बानुका राजपक्षे, आशेन बंडारा, धनंजया डी सिल्वा, वनिदु हसरंगा, महेश थीक्षाना, जेफ़री वांडरसे, प्रवीण जयविक्रेमा, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, चामिका फर्नांडो, मदुशंका, मथीशा पथिराना, दिनेश चांदीमल, नुवानिंदु फर्नांडो और कसुन रजिता।

### एशिया कप 2022 का पूरा शेड्यूल इस प्रकार है

पहला मैच – 27 अगस्त – श्रीलंका बनाम अफगानिस्तान – दुबई
दूसरा मैच – 28 अगस्त – भारत बनाम पाकिस्तान – दुबई
तीसरा मैच – 30 अगस्त – बांग्लादेश बनाम अफगानिस्तान – शारजाह
चौथा मैच – 31 अगस्त – भारत बनाम क्वालीफायर – दुबई
पांचवां मैच – 1 सितंबर – श्रीलंका बनाम बांग्लादेश – दुबई
छठा मैच – 2 सितंबर – पाकिस्तान बनाम क्वालीफायर – शारजाह
सातवां मैच – 3 सितंबर – बी1 बनाम बी2 – शारजाह
आठवां मैच – 4 सितंबर – ए1 बनाम ए2 – दुबई
नौवां मैच – 6 सितंबर – ए1 बनाम बी1 – दुबई
दसवां मैच – 7 सितंबर – ए2 बनाम बी2 – दुबई
11वां मैच – 8 सितंबर – ए1 बनाम बी2 – दुबई
12वां मैच – 9 सितंबर – बी1 बनाम ए2 – दुबई
फाइनल मैच – 11 सितंबर –

### एशिया कप 2022 लाइव स्ट्रीमिंग डिटेल

एशिया कप 2022 का लाइव टेलिकास्ट भारत में स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा, वहीं मोबाइल पर इस टूर्नामेंट के मैचों का लुत्फ फैंस हॉटस्टार पर भी उठा सकते हैं। भारतीय समयानुसार सभी मुकाबले 7 बजकर 30 मिनट पर शुरू होंगे।

## धरा रह गया इंग्लैंड का बैजबॉल, साउथ अफ्रीका ने लॉर्ड्स टेस्ट में पारी से पटका




नई दिल्ली,एजेंसी। शुक्रवार को साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड का 'bazball' का घमंड तोड़ते हुए लॉर्ड्स में पारी और 12 रनों से बड़ी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ मेहमान टीम तीन मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना चुकी है। साउथ अफ्रीका की इस कामयाबी अहम योगदान तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा का रहा जिन्होंने पहली पारी में 5 तो दूसरी पारी में 2 विकेट चटकाएं। रबाडा को उनकी लाजवाब परफॉर्मेंस की वजह से मैन ऑफ द मैच के अवॉर्ड से भी नवाजा गया। रबाडा ने इन 7 विकेट के साथ टेस्ट क्रिकेट में 250 विकेट पूरे कर लिए हैं। टेस्ट क्रिकेट में रबाडा सबसे कम गेंदों में 250 विकेट लेने वाले दुनिया के दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। उनके आगे हमवतन डेल स्टेन ही हैं। कगिसो रबाडा ने क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में 10,065 गेंदें फेंककर 250 विकेट चटकाए हैं। वहीं इस मुकाम तक पहुंचने के लिए पूर्व अफ्रीकी तेज गेंदबाज डेल स्टेड ने 9927 ही गेंदें ली थी। इस सूची में पाकिस्तान के वकार यूनिस 10,170 गेंदों के साथ तीसरे, एलन डोनाल्ड 11,559 के साथ चौथे और मैलकम मार्शल 11,690 के साथ पांचवें पायदान पर हैं। वहीं सबसे कम पारियों में 250 विकेट लेने वाले गेंदबाजों की बात करें तो रबाडा संयुक्त रूप से 6ठें पायदान पर हैं। इस सूची में टॉप पर एलन डोनाल्ड और डेल स्टेन हैं जिन्होंने 90-90 पारियों में 250 विकेट चटकाए थे, वहीं रबाडा ने यह कारनामा करने के लिए 97 पारियां लीं।

### सबसे कम पारियों में 250 टेस्ट विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज

90 – एलन डोनाल्ड
90 – डेल स्टेन
91 – वकार यूनुस
92 – डेनिस लिली
94 – इमरान खान
94 – इयान बॉथम
96 – रिचर्ड हैडली
97 – मैल्कम मार्शल
97 – कगिसो रबाडा*

वसीम जाफर ने 'Bazball' को लेकर इंग्लैंड को जमकर किया ट्रोल, इस तरह उड़ाई खिल्ली लॉर्ड्स टेस्ट में साउथ अफ्रीका के खिलाफ इंग्लैंड को पारी और 12 रनों से हार का सामना करना पड़ा। मेहमान टीम ने इस जीत के साथ तीन मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

## वसीम जाफर ने 'Bazball' को लेकर इंग्लैंड को जमकर किया ट्रोल, इस तरह उड़ाई खिल्ली





नई दिल्ली,एजेंसी। लॉर्ड्स टेस्ट में साउथ अफ्रीका के खिलाफ मिली करारी हार के बाद भारतीय पूर्व सलामी बल्लेबाज और क्रिकेट एक्सपर्ट वसीम जाफर ने इंग्लैंड टीम की खिल्ली उड़ा है। वसीम जाफर ने 'Bazball' को लेकर इंग्लिश टीम को जमकर ट्रोल किया है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में इंग्लैंड को पारी और 12 रनों से हार का सामना करना पड़ा। मेहमान टीम ने इस जीत के साथ तीन मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दरअसल, जब से ब्रेंडन मैक्कुलम इंग्लैंड टेस्ट टीम के कोच बने है तब से 'Bazball' काफी चर्चा में है। चौथी पारी में इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने पिछले कुछ समय में बड़े-बड़े लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की है। न्यूजीलैंड के खिलाफ लगातार तीन बार इंग्लैंड ने 250 से अधिक रनों का सफलतापूर्वक पीछा किया, वहीं भारत के खिलाफ एजबेस्टन टेस्ट की चौथी पारी में 378 रन बनाकर जीत दर्ज की। मैक्कलम BazBall विचारधारा के जनक कहे जाते हैं। मैक्कलम का निकनेम Baz है और उनके इसी निकनेम पर BazBall विचारधारा का इस्तेमाल किया जाने लगा। मैक्कलम का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट को खेलने के तरीके में बदलाव की जरूरत थी। मजबूत विरोधी टीम के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी कर दबाव बनाने की रणनीति का उन्होंने अपने करियर के दौरान इस्तेमाल किया और इसका फायदा भी मिला। अब इंग्लैंड भी BazBall रणनीति पर ही खेल रही है।

## आलिया बोलीं- कई मौकों पर सेक्सिज्म का सामना करना पड़ता है

एक्ट्रेस आलिया भट्ट इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म डार्लिंग्स को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। अब हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में आलिया भट्ट ने कैजुअल सेक्सिज्म फेस करने और रेंडम सेक्सिस्ट कमेंट्स कैसे उन्हें परेशान करते हैं, इन बातों पर उन्होंने बात की है। आलिया ने यह भी बताया कि फिल्म इंडस्ट्री में भी कई मौकों पर उन्हें सेक्सिज्म का सामना करना पड़ता है। आलिया जल्द ही %डार्लिंग्स% में नजर आने वाली हैं। यह एक डार्क कॉमेडी फिल्म है, जिसमें आलिया एक ऐसी महिला की भूमिका निभाती है, जो घरेलू शोषण के बाद अपने पति से बदला लेती है। आलिया ने इंटरव्यू में बताया कि कैसे महिलाओं को समाज में बुरी चीजों को सहन करना सिखाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के रेंडम कमेंट्स सुनने पर गुस्सा आता है और बुरा भी लगता है।



## बिलकिस बानो मामले के दोषियों का स्वागत होने पर भड़कीं उर्फी जावेद, बोलीं ऐसा देश जहां...



मुंबई एजेंसी। उर्फी जावेद अक्सर ही अपने बयानों और फैशन सेंस को लेकर लाइमलाइट में बनी रहती हैं। इसके साथ ही उर्फी देश में चल रहे मुद्दों पर भी बेबाकी से अपनी राय रखती हैं, जिसके चलते कई बार वह ट्रोल्स के निशाने पर भी आ जाती हैं। इस बार उर्फी जावेद गुजरात के चर्चित बिलकिस बानो मामले को लेकर भड़क गईं और सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर अपना गुस्सा जाहिर किया। दरअसल, हाल ही में बिलकिस बानो गैंगरेप मामले के 11 दोषियों को जेल से रिया किया गया है, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। इन तस्वीरों में दोषियां का जेल से रिहा होने पर स्वागत किया जा रहा है, जिसको लेकर लोग आग बबूला हो गए हैं। उर्फी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक फोटो शेयर किया है, जिसमें लिखा है कि निर्भया के लिए कैंडल मार्च निकाला गया और बिलकिस बानो के लिए विक्ट्री मार्च। इसमें बिलकिस बानो के केस दोषियों का परिवार उनका स्वागत करता नजर आ रहा है। उर्फी ने स्टोरी के साथ लिखा, च्भारत में आपका स्वागत है, जहां एक पूरे परिवार का रेप करने के बाद आपका फूलों के साथ स्वागत किया जाता है। इसके साथ ही उर्फी ने एक और स्टोरी शेयर की है, जिसमें गोधरा के भाजपा विधायक राउलजी का बयान है जो दोषियों को ब्राह्मण और अच्छे संस्कार वाले बता रहे हैं। इस पर उर्फी ने लिखा, च्तो इसका मतलब है कि अच्छा ब्राह्मण होना आपको किसी का रेप करने और उससे बाहर निकलने का टिकट दे देता है। 75वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं। बता दें कि 2002 में गुजरात दंगों के दौरान 11 लोगों ने बिलकिस बानो के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया था। 2008 में कोर्ट ने 11 लोगों को दोषी पाने के बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। लेकिन 14 साल की सजा काटने के बाद गुजरात सरकार ने 15 अगस्त के दिन सभी दोषियों को माफी देखकर रिहा कर दिया है। इस फैसले को लेकर विरोध बढ़ता जा रहा है।

## खुशी कपूर को देख सोशल मीडिया यूजर्स को याद आई उर्फी जावेद, दीपिका पादुकोण और सुहाना खान ने भी किया कमेंट

मुंबई एजेंसी। बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्री रहीं श्रीदेवी (Sridevi) की बेटी व एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर की बहन खुशी कपूर इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं। खुशी कपूर अक्सर सोशल मीडिया पर अपने फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं, जिन्हें सोशल मीडिया यूजर्स काफी पसंद करते हैं, इस बीच खुशी के लेटेस्ट फोटोज तेजी से वायरल हो रहे हैं। इन फोटोज को एक ओर जहां कई सेलेब्स ने पसंद किया है और कमेंट्स में तारीफ की है तो दूसरी ओर कुछ ने कमेंट्स में उर्फी जावेद का भी जिक्र किया है।



### क्या है खुशी का पोस्ट और सोशल मीडिया रिएक्शन

खुशी कपूर इंस्टा पर एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने फोटोज वीडियोज शेयर करती हैं। इस बीच खुशी कपूर ने ब्लैक स्किन हग कट आउट ड्रेस में अपनी एक फोटो शेयर की, जो ट्राएंगल जिग जैग कट्स के साथ थी, जिस में वो काफी सिजलिंग दिख रही थीं। कुछ ही देर में खुशी कपूर का फोटोशूट वायरल हो गया। कुछ ने खुशी केपोस्ट में कमेंट करते हुए उनकी तुलना उर्फी जावेद से की है। वहीं दीपिका पादुकोण, करिश्मा कपूर, जाह्नवी कपूर, आलिया कश्यप और सुहाना खान ने भी कमेंट करते हुए खुशी की तारीफ की है।

### डेब्यू के लिए तैयार खुशी कपूर

बता दें कि खुशी कपूर बॉलीवुड डेब्यू के लिए तैयार हैं। खुशी, जोया अख्तर की अपकमिंग फिल्म द आर्चीज से डेब्यू करने वाली हैं। इस फिल्म से शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान का भी डेब्यू होगा। वहीं अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा भी इसी फिल्म से अपनी पारी की शुरुआत करेंगे। बता दें कि फिल्म के पोस्टर और टीजर कुछ वक्त पहले रिलीज हुए थे, जिन्हें मिक्स रिस्पॉन्स मिला था। बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्री रहीं श्रीदेवी की बेटी व एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर की बहन खुशी कपूर इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं। खुशी कपूर अक्सर सोशल मीडिया पर अपने फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं, जिन्हें सोशल मीडिया यूजर्स काफी पसंद करते हैं, इस बीच खुशी के लेटेस्ट फोटोज तेजी से वायरल हो रहे हैं। इन फोटोज को एक ओर जहां कई सेलेब्स ने पसंद किया है और कमेंट्स में तारीफ की है तो दूसरी ओर कुछ ने कमेंट्स में उर्फी जावेद का भी जिक्र किया है।

### क्या है खुशी का पोस्ट और सोशल मीडिया रिएक्शन

खुशी कपूर इंस्टा पर एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने फोटोज वीडियोज शेयर करती हैं। इस बीच खुशी कपूर ने ब्लैक स्किन हग कट आउट ड्रेस में अपनी एक फोटो शेयर की, जो ट्राएंगल जिग जैग कट्स के साथ थी, जिस में वो काफी सिजलिंग दिख रही थीं। कुछ ही देर में खुशी कपूर का फोटोशूट वायरल हो गया। कुछ ने खुशी केपोस्ट में कमेंट करते हुए उनकी तुलना उर्फी जावेद से की है। वहीं दीपिका पादुकोण, करिश्मा कपूर, जाह्नवी कपूर, आलिया कश्यप और सुहाना खान ने भी कमेंट करते हुए खुशी की तारीफ की है। बता दें कि खुशी कपूर बॉलीवुड डेब्यू के लिए तैयार हैं। खुशी, जोया अख्तर की अपकमिंग फिल्म द आर्चीज से डेब्यू करने वाली हैं। इस फिल्म से शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान का भी डेब्यू होगा। वहीं अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा भी इसी फिल्म से अपनी पारी की शुरुआत करेंगे। बता दें कि फिल्म के पोस्टर और टीजर कुछ वक्त पहले रिलीज हुए थे, जिन्हें मिक्स रिस्पॉन्स मिला था।

# ग्वारीघाट में जनेऊ बनाने वाले वृद्ध की चाकू से गोदकर हत्या



## कुत्ता घुमाने निकले थे विर्सजन कुंड के पास मिली लाश

जबलपुर यशभारत। ग्वारीघाट के विर्सजन कुंड के पास आज शनिवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक 58 साल के वृद्ध की खून से लतपथ लाश मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजते हुए मर्ग को जांच में लिया। प्रारंभिक जांच पड़ताल में वृद्ध की चाकुओं से हत्या करना सामने आया है। मृतक जनेऊ बनाने का काम करता था और रोजाना की तरह सुबह एक्टिवा गाड़ी से कुत्ते को घुमाने निकला था।

ग्वारीघाट पुलिस के अनुसार दुर्गा नगर भटौली निवासी प्रीतम रैकवार 58 वर्षीय रोजाना की तरह सुबह घर से अपनी एक्टिवा गाड़ी में कुत्ते के साथ निकला था। देर सुबह तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चला। परिजनों को सूचना मिली कि विर्सजन कुंड के पास प्रीतम रैकवार की लाश पड़ी हुई है।

### कुत्ता गेट में बंधा हुआ मिला

बताया जा रहा है कि मृतक घर के पालतू कुत्ते के साथ रोजाना सुबह घूमने निकलता था। घटना स्थल के कुछ दूर पर कुत्ता लोहे के गेट से बंधा हुआ मिला। संभवत:हत्या करने वाले आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद कुत्ते को बांधकर फरार हो गए। इधर पुलिस ने घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। परिजनों से भी पूछताछ जारी है।



# इंटरनेशनल सट्टा किंग सतीश सनपाल का साथी अमित शर्मा गिरफ्तार

## सतीश सनपाल का लुक आउट सर्कुलर जारी



जबलपुर यशभारत। अंतरराष्ट्रीय सट्टा किंग सतीश सनपाल के साथी अमित शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अमित शर्मा शुक्रवार को शहर पहुंचा था इसकी भनक क्राइम ब्रांच को लगी तो ग्वारीघाट क्षेत्र में दबिश देकर अमित शर्मा को दबोच लिया गया। मालूम हो कि सतीश सनपाल पुलिस रिकार्ड में फरार होते हुए दुबई में बैठकर जबलपुर सहित देश के अनेक हिस्सों में ओपन वेब पर एक्सचेंज के माध्यम से ऑनलाइ सट्टा बुकियों के मार्फत खिला रहा है। लंबे समय से फरार आरोपी सनपाल की गिरफ्तारी के हरसंभव प्रयास के बाद एसपी ने एलओसी के लिए 'ब्यूरो ऑफइमीग्रेशन' नई दिल्ली को पत्राचार किया।

बीओआई ने मामले की गंभीरता एवं लंबे समय से फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 'लुक आउट सर्कुंलर जारी किया है। फरार सतीश सनपाल पिता रामचंद्र सनपाल उम्र साल निवासी आदर्श नगर रामपुर गोरखपुर पर मदनमहल थाना में 2 प्रकरण, गोरखपुर थाना में 2, लार्डगंज थाना में 2, गटा, कोतवाली और ओमती थाना में एक-एक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। सटोरियों के बीच चर्चा है कि सतीश सनपाल की चल संपति को अचल संपत्ति में डायवर्ड करने का पूरा काम द्विवेश चरवानी करता था। हितेश बरवानी ने बिलहरी विलहरी, स्वारीघाट, अधारताल एवं विजयनगर क्षेत्र में करोड़ों रूपए कीमत की प्रापटी खरीदी, जिसमें फ्लैट, ड्युप्लेक्स एवं खाली प्लॉट की रजिस्ट्रियां करीबी लोगों के नाम पर साल 2012 से सतत कराई है। दुबई में बैठे सतीश सरपाल के इशारे पर उसके छरों ने जबलपुर में चल रहे कई प्रोजेक्ट (बिल्डरशिप) में करोड़ों रुपए का इन्वेस्ट कर रखा है। 25 फरवरी 2014 के बाद फरार हुआ सतीश सनपाल अधिकृत और पर कभी जबलपुर नहीं आया। आईपीएल क्रिकेट सहित अन्य सट्टे की रकम बोगस कंपनियों और हवाला के जरिए सतीश सनपाल तक पहुंचती है।

## 19 मई 2022 की रात पुलिस ने मारी थी रेड

कुख्यात सटोरिया सतीश सनपाल पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उसके 'हाईटेक रकम कलेक्शन सेंटर में छापा मारा था। एसपी के निर्देश पर क्राइम ब्रांच व संबिं थाना की पुलिस फोसज़ ने राइट टाउन स्थित ऑफिस में दबिश दी थी। पुलिस बल के साथ आयकर टीम ने ऑफिस में रखी 2 तिजोरी खोली जिसमें 27 विभिन्न कंपनियों के सील, ऋष्ण पुस्तिका 7 नोटपैड, 34 चेकबुक, 3 मोबाइल एवं प्रॉपर्टी संबंधी कागजात सहित 21 लाख 55 हजार रुपए मिले थे।

# अमखेरा में पान-मसाला व्यापारी के यहां चोरी

**तेल के कुप्पे, सिगरेट पाऊच ले उड़े चोर**



**जबलपुर यशभारत।** गोहलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अमखेरा में चोरों का हैरत अंगेज कारनामा सामने आया है चोरों ने व्यापारी के गोडाउन की जाली उखाड़ कर सिगरेट और पान मसाला के पाउच में हाथ साफकर फुर्र हो गए सुबह जब व्यापारी अपने कारखाने पहुंचा तो पीछे की तरफ की जाली उखड़े हुए देखकर दंग रह गया जिसकी सूचना उसने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर पूरे प्रकरण को जांच में लेते हुए सीसीटीवी फुटेल खंगाल रही है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पान मसाला व्यापारी इफ्तिखार अली नई बस्ती का निवासी है जिसके कारखाने और दुकान अमखेरा में स्थित है कल रात शुक्रवार को व्यापारी कारखाना और दुकान को लॉक कर अपने घर चला गया था आज सुबह जब पहुंचा तो गोडाउन का पूरा सामान बिखरा हुआ था जिसके बाद व्यापारी हक्का-बक्का रह गया व्यापारी ने बताया कि उसके गोडाउन में रखे हुए सिगरेट के अनेक पैकेट पान मसाला और तेल की केन गायब है। चोरों ने यहां से करीब 50 हजार का माल पार कर दिया आरोपियों को पकड़ने पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के आरोपित का डीएनए टेस्ट न कराने पर बरती सख्ती

### एसपी को दोषी अधिकारी पर कार्रवाई के दिए निदेज़्श, कहा-चार माह के भीतर सुधारें गलती



**जबलपुर, यशभारत।** हाई कोर्ट ने दिव्यांग (मूक-बधिर) बालिका से दुष्कर्म के मामले में आरोपित का डीएनए टेस्ट न कराए जाने के रवैये को बेहद गंभीरता से लिया। सतना जिले के कोटर थाने में पदस्थ टीआइ की लापरवाही को लेकर नाराजगी जताई। इसी के साथ एसपी सतना को निदेज़्श दिए कि दोषी अधिकारी के खिलाफ आवश्यक अनुशासनात्मक कारज़्वाई सुनिश्चित की जाए। यही नहीं चार माह के भीतर डीएनए टेस्ट न कराने की गलती सुधारकर ट्रायल कोटज़् के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करने की व्यवस्था दे दी। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार पालीवाल की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान अवगत कराया गया कि सतना जिले के सिविल लाइंस थानांतगज़्त कठवरिया ग्राम निवासी 19 वषीज़्य आरोपित जय बच्चन उर्फ राजा ने कोटर थानांतर्गत निवासी नाबालिग दिव्यांग बालिका से दुष्कर्म किया। शिकायत पर उसके खिलाफ मामला दजज़् कर गिरफ्तार किया गया। इसी मामले में हाईकोर्ट में जमानत की अर्जी पेश की गई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने एफएसएल रिपोटज़् के अवलोकन से पाया कि पीड़िता के कपड़ों में लगे धब्बों और आरोपित के रक्त के डीएनए सैम्पल टेस्ट कराने के लिए भेजे ही नहीं गए। इस पर जमानत अजीज़् वापस ले ली गई, लेकिन हाई कोटज़् ने इस बात को गंभीरता से लिया। हाई कोटज़् ने कहा कि मामला दिव्यांग बालिका से दुष्कर्म का है। लिहाजा, एसपी स्वयं आरोपित का डीएनए टेस्ट करवा कर रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत करवाएं।

# अब मनी ट्रेल पर EOW की नजर

## आरटीओ अधिकारी संतोष पाल के घर छापेमारी का मामला

**जबलपुर यश भारत।** पिछले दिनों आर्थिक अपराध शाखा द्वारा प्रभारी आरटीओ अधिकारी संतोष पाल के घर छापेमारी की कार्यवाही के बाद अब रोज नए राज सामने आ रहे हैं। जिसमें आर्थिक अपराध शाखा द्वारा अलग-अलग एंगल से जांच की जा रही है । सर्च की कार्यवाही तो विभाग द्वारा बंद कर दी गई है ,लेकिन अब जो दस्तावेज और जानकारियां विभाग के अधिकारियों के हाथ लगी हैं उनको खंगाला जा रहा है। जानकारियों के आधार पर सूत्रों को जोड़कर अन्य संपत्तियों की जानकारी एकत्र की जा रही हैं। इस पूरे मामले में विभागीय सूत्रों की मानें तो संतोष पाल के घर से जो बैंक डिटेल प्राप्त हुई है उसके आधार पर मनी ट्रेल निकाली जाएगी उसके बाद जो नाम सामने आएंगे उनकी लिंक निकालकर बेनामी संपत्तियों तक पहुंचने का काम होगा।

### प्रस्तुत करेंगे दस्तावेज

इस पूरे मामले में प्रभारी आरटीओ अधिकारी संतोष पाल का कहना है कि उनके पास जो भी संपत्ति मिली है वह उसके विषय में पूरे दस्तावेज प्रस्तुत करेंगे ,साथ ही उन्होंने इसे कैसे अर्जित किया यह भी बताएंगे। लेकिन ईओडब्ल्यू के सूत्रों की मानें वह उन संपत्तियों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं जिसमें सीधे तौर पर संतोष पाल और उनकी पत्नी का नाम तो नहीं है लेकिन वह बेनामी संपत्तियां कहीं ना कहीं उनसे जुड़ी हुई है जिसको लेकर एक दर्जन लोगों की सूची भी तैयार की गई है जिस में उन लोगो की लिंक संतोष पाल से मिल रही है। श्वह्लङ्ख को जो जानकारी मिली है उसमें एक प्रमुख बात यह भी है कि शहर के कुछ व्यवसाई व पाल के कुछ करीबी मिलकर पैसों का हेर-फेर करते थे। जिस में पैसों का बंटवारा अलग-अलग स्तर पर होता था। जिसमें कुछ सफेदपोश व रौबदार लोगों के नाम भी सामने आ रहे हैं। जिसको लेकर ईओडब्ल्यू के हाथ में एक डायरी भी लगी है जिस की कोई भी औपचारिक पुष्टि नहीं हुई है लेकिन इसमें कुछ बड़े लोगों के नाम होना बताया जा रहा है।

# बुलेरो की टक्कर से युवक व महिला घायल

**जबलपुर, यशभारत।** मझौली थाना अतंर्गत रानीताल में पूजा करने के बाद पैदल आ रहे एक युवक व एक महिला को बुलेरो चालक ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। दोनों घायलों को टक्कर मारने वालें बुलेरों चालक ने अपनी बुलेरो से शासकीय अस्पताल मझौली लेकर आया जहां से दोनों को उपचार के लिये जबलपुर रेफर कर दिया गया। मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रानीताल निवासी 40 वर्षीय गोपाल राय गत दिवस अपने रिश्तेदार रघुवीर राय और माया बाई के साथ पैदल रानीताल कटाव हनुमान मंदिर गये थे जहां से पूजा करने के बाद पैदल आते समय रानीताल शराब दुकान के आगे रात लगभग 9-30 बजे बुलेरो क्रमांक एमपी 20 बी ए 8252 का चालक ने रघुवीर राय एवं माया बाई को टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। दोनों घायलों को उसी बुलोरो गाड़ी से बबलू खान की मदद से शासकीय अस्पताल मझौली लेकर आये जहां से दोनों को उपचार हेतु जबलपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी बुलेरो चालक के खिलाफरिपोर्ट पर धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )